आरबीआई/2024-25/125
विवि.एफआईएन.आरईसी.सं.55/20.16.056/2024-25 06 जनवरी 2025

सभी वाणिज्यिक बैंक सहित लघु वित्त बैंक, स्थानीय क्षेत्र बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा भुगतान बैंकों को छोड़कर
सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक/राज्य सहकारी बैंक/केंद्रीय सहकारी बैंक
अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान (एक्ज़िम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी, सिडबी और नैबफिड)
आवास वित्त कंपनियों सहित एनबीएफ़सी कंपनी
सभी आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी
सभी क्रेडिट सूचना कंपनी

महोदय/महोदया

**मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (साख सूचना रिपोर्टिंग) निदेश, 2025**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी विनियमित संस्थाओं (आरई) के लिए साख सूचना रिपोर्टिंग पर समय-समय पर कई अनुदेश/निदेश जारी किए हैं।

2. संलग्न मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (साख सूचना रिपोर्टिंग) निदेश, 2025 साख सूचना की रिपोर्टिंग पर विनियमित संस्थाओं को जारी निदेशों का समेकन है।

3. यह निदेश आरबीआई द्वारा साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 की धारा 11 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं।

भवदीय

(जे. पी. शर्मा)

मुख्य महाप्रबंधक

संलग्न:: भारतीय रिज़र्व बैंक (साख सूचना रिपोर्टिंग) निदेश, 2025

## सामाग्री तालिका

अध्याय-I: प्रारंभिक ....... 6

1. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ ....... 6

2. प्रयोज्यता ....... 6

3. परिभाषाएँ ....... 6

अध्याय-II: सदस्यता ....... 8

4. सीआईसी की सदस्यता ....... 8

अध्याय-III: क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग और प्रसार ....... 9

5. क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग के लिए डेटा का प्रारूप ....... 9

6. सीआई द्वारा डेटा प्रस्तुत करना ....... 9

7. सीआईसी द्वारा डेटा प्रमाणीकरण और अस्वीकृत डेटा का सुधार ....... 10

8. डेटा गुणवत्ता सूचकांक ....... 10

9. सीआईसी द्वारा क्रेडिट की जानकारी प्रसार ....... 11

10. क्रेडिट सूचना रिपोर्ट में सुधार ....... 14

11. क्रेडिट मूल्यांकन में क्रेडिट सूचना रिपोर्ट का उपयोग ....... 15

12. सीआई द्वारा सूचना प्रदर्शित करना ....... 15

13. विनियमन विभाग द्वारा जारी अन्य अनुदेशों की प्रयोज्यता ....... 16

अध्याय-IV: तकनीकी कार्य समूह ....... 17

14. तकनीकी कार्य समूह पर अनुदेश ....... 17

15. टीडब्ल्यूजी का स्थायी उप-समूह ....... 17

अध्याय-V: ग्राहक सेवा और शिकायत निवारण ....... 19

16. सीआईसी और सीआई द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा को सुदृढ़ बनाना ....... 19

17.क्रेडिट की जानकारी का विलंब से अद्यतनीकरण/सुधार हेतु ग्राहकों को क्षतिपूर्ति के लिए ढांचा........................................................................................ 21

18.विविध अनुदेश ........................................................................................ 24

19.रिज़र्व बैंक एकीकृत ओम्बड्समैन योजना 2021 .............................................. 24

20.आंतरिक ओम्बड्समैन की नियुक्ति .............................................................. 24

अध्याय – VI: सीआई और सीआईसी के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ ........................................25

21. सीआई के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ ......................................................................25

22. सीआईसी के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ ...................................................................25

अध्याय – VII: निरसन प्रावधान और व्याख्या....................................................26

अनुबंध – I: भा.रि.बैं. में पंजीकृत सीआईसी की सूची.........................................27

अनुबंध - II: सीआईसी विनियमों के विनियम-3 के खंड (जे) के अंतर्गत एसयू में वर्गीकृत की जाने वाली संस्थाओं के लिए पात्रता मानदंड........................................................28

अनुबंध - III: सीआईसी विनियमनों के विनियम 3 के खंड (जे) के अंतर्गत एसयू बनने के लिए पात्र संस्थाओं के साथ सदस्यता करार करते समय सीआईसी द्वारा पालन किए जाने वाले परिचालन संबंधी दिशानिर्देश............................................................................ 30

अनुबंध - IV: समान क्रेडिट रिपोर्टिंग प्रारूप.......................................................31

अनुबंध - V: यूसीआरएफ में ऋण सूचना की रिपोर्टिंग के लिए दिशानिर्देश........................63

अनुबंध - VI: स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के संबंध में ऋण सूचना को रिपोर्ट करना ........................................................................................69

अनुबंध - VII: लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने के बाद ऋण सूचना रिपोर्टिंग तंत्र के प्रावधान ........................................................................................84

अनुबंध – VIII: उपभोक्ता डेटा गुणवत्ता सूचकांक ..................................................85

अनुबंध – IX: वाणिज्यिक डेटा गुणवत्ता सूचकांक...................................................87

अनुबंध – X: लघु वित्त डेटा गुणवत्ता सूचकांक......................................................94

अनुबंध – XI: सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतित आस्तियों की जानकारी......98

अनुबंध – XII: सीआईसी द्वारा प्रकटीकरण.........................................................99

**अनुबंध – XIII: मुआवज़ा राशि के बंटवारे के लिए उदाहरण............................................101**

**अनुबंध – XIV: सीआई के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ.................................................................107**

**अनुबंध - XV: सीआईसी के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ ..........................................................108**

**अनुबंध - XVI: मास्टर निदेश के जारी होने के साथ निरस्त किए गए परिपत्रों की सूची..........................................................................................................................111**

# भारतीय रिज़र्व बैंक

## RESERVE BANK OF INDIA

**मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (साख सूचना रिपोर्टिंग) निदेश, 2025**

साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 (जिसे इसके बाद सीआईसीआरए कहा जाएगा) की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक (जिसे इसके बाद 'आरबीआई' कहा जाएगा) इससे संतुष्ट है कि ऐसा करना जनहित में आवश्यक और समीचीन है, इसके द्वारा मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (साख सूचना रिपोर्टिंग) निदेश, 2025 जारी करता है जिसे इसके बाद विनिर्दिष्ट किया गया है।

**उद्देश्य**

इन निदेशों का उद्देश्य साख सूचना की रिपोर्टिंग और प्रसार के लिए एक मानकीकृत ढांचा स्थापित करना; संवेदनशील क्रेडिट डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा का संरक्षण करना; उपभोक्ताओं को उनकी साख सूचना तक पहुँचने के लिए तंत्र प्रदान करना और रिपोर्टिंग से संबंधित मामलों की शिकायत निवारण करना है ।

## अध्याय-I: प्रारंभिक

## 1. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ

(1) इन निदेशों को मास्टर निदेश - भारतीय रिज़र्व बैंक (साख सूचना रिपोर्टिंग) निदेश, 2025 कहा जाएगा।

(2) यह निदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जब तक कि अन्यथा विनिर्दिष्ट न किए जाए।

### 2. प्रयोज्यता

इन निदेशों के प्रावधान इन निदेशों में परिभाषित ऋण संस्थानों (सीआई) और साख सूचना कंपनियों (सीआईसी) पर लागू होंगे।

### 3. परिभाषाएँ

(1) इन निदेशों के प्रयोजन हेतु जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो:

(ए) **"कंपनी"** का अर्थ कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 3 अथवा कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत संबंधित धारा के अंतर्गत परिभाषित कंपनी है।

(बी) **"साख सूचना कंपनियां (सीआईसी)"** का अर्थ है ऐसी कंपनियाँ जिन्हें सीआईसीआरए की धारा 5 के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। सीआईसीआरए की धारा 5 के तहत आरबीआई के साथ पंजीकृत सीआईसी अनुबंध I में सूचीबद्ध हैं।

(सी) **"ऋण संस्थान (सीआई)"** का अर्थ निम्नलिखित संस्थान हैं:

(i) बैंक -

ए. सभी वाणिज्यिक बैंक (लघु वित्त बैंक, स्थानीय क्षेत्र बैंक, ग्रामीण बैंक को शामिल कर और भुगतान बैंकों को छोड़कर)

बी. सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक, राज्य सहकारी बैंक और केंद्रीय सहकारी बैंक

(ii) रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित अखिल भारतीय वित्तीय संस्था (एआईएफआई), अर्थात

ए. भारतीय निर्यात आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक)

बी. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)

सी. राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी)

डी. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और

ई. राष्ट्रीय अवसंरचना और विकास वित्तपोषण बैंक (एनबीएफ़आईडी)

(iii) सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ[1] (आवास वित्त कंपनियों सहित)

(iv) सभी आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियाँ (एआरसी)

(डी) **"विनिर्दिष्ट उपयोगकर्ता (एसयू)"** का वही अर्थ होगा जो सीआईसीआरए की धारा 2 के खंड (एल) के तहत और प्रत्यय विषयक जानकारी कंपनी विनियमन, 2006 (समय-समय पर यथासंशोधित) के विनियमन 3 के तहत अधिसूचित किया गया है।

(2) इन निदेशों में प्रयुक्त शब्द अथवा अभिव्यक्तियाँ जो यहाँ परिभाषित नहीं हैं, लेकिन सीआईसीआरए, 2005, साख सूचना कंपनी नियम, 2006 (जिसे इसके बाद "सीआईसी नियम" कहा जाएगा) और प्रत्यय विषयक जानकारी कंपनी विनियमन, 2006, (जिसे इसके बाद "सीआईसी विनियमन" कहा जाएगा) में परिभाषित हैं, उनका वही अर्थ होगा जो उन्हें इन क़ानून/नियमों/विनियमों में विनिर्दिष्ट किया गया है। इन निदेशों या पूर्वोक्त क़ानून/नियमों/विनियमों में प्रयुक्त तथा परिभाषित न किए तथा भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 अथवा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 या कंपनी अधिनियम, 2013 में परिभाषित किसी भी अन्य शब्द या अभिव्यक्ति के वही अर्थ होंगे जो इन अधिनियमों में उनके लिए विनिर्दिष्ट हैं।

[1] उन कंपनियों के अलावा जो बिना किसी ग्राहक इंटरफेस के विशुद्ध रूप से निवेश गतिविधियों में संलग्न हैं।

## अध्याय-II: सदस्यता

### 4. सीआईसी की सदस्यता

(1) सभी सीआई आरबीआई के साथ पंजीकृत सभी सीआईसी के सदस्य बनेंगे।

(2) सीआईसी द्वारा सदस्य बनने के लिए सीआई से लिया जाने वाला एकमुश्त सदस्यता शुल्क प्रत्येक सदस्य के लिए ₹10,000/- से अधिक नहीं होगा।

(3) सीआईसी द्वारा प्रत्येक सीआई से लिया जाने वाला वार्षिक शुल्क ₹5,000/- से अधिक नहीं होगा।

(4) सीआईसी विनियमनों (समय-समय पर संशोधित) के विनियमन 3 के खंड (जे)[2] के तहत विनिर्दिष्ट उपयोगकर्ता (एसयू) बनने के लिए पात्र संस्थाओं के साथ सदस्यता समझौता करते समय, सीआईसी निम्नलिखित सुनिश्चित करेंगे:

(ए) सीआईसी 05 जनवरी, 2022 की प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जारी सीआईसी विनियमन 3 के खंड (जे) के तहत एसयू के रूप में वर्गीकृत की जाने वाली संस्थाओं के लिए पात्रता मानदंडों पर दिशानिर्देश, जैसा कि अनुबंध II में उल्लिखित है, का पालन करेंगे ।

(बी) सीआईसी सदस्यता देते समय सम्यक तत्परता और नियंत्रण तंत्र स्थापित करेंगे, और उन संस्थाओं के साथ क्रेडिट की जानकारी भी साझा करेंगे जो उक्त खंड के तहत एसयू बनने के लिए पात्र हैं।

(सी) उक्त खंड के तहत एसयू बनने के लिए पात्र संस्थाओं के साथ सदस्यता समझौता करते समय सीआईसी द्वारा पालन किए जाने वाले परिचालन दिशानिर्देशों का एक व्यापक सेट अनुबंध III में दिया है।

(डी) सीआईसी को उक्त खंड के तहत एसयू के रूप में वर्गीकृत संस्थाओं द्वारा आरबीआई द्वारा जारी पात्रता मानदंडों और अन्य परिचालन दिशानिर्देशों के अनुपालन की वार्षिक आधार पर निगरानी करनी चाहिए। सीआईसी इन संस्थाओं से तिमाही आधार पर एक वचनबंध प्राप्त करें जिसमें उल्लेख हो कि वह इस मामले पर आरबीआई द्वारा जारी पात्रता मानदंडों और अन्य परिचालन दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रहे हैं।

---

[2] भारत के राजपत्र में 29 नवंबर, 2021 की अधिसूचना CG-DL-E-30112021-231472 के माध्यम से प्रकाशित साख सूचना कंपनी (संशोधन) विनियम, 2021 ने सीआईसी विनियम, 2006 के विनियम 3 के तहत 'निर्दिष्ट उपयोगकर्ताओं' की परिभाषा का विस्तार किया है, जिसमें "ऋण संस्थानों के समर्थन या लाभ के लिए सूचना के प्रसंस्करण में लगी एक इकाई, और समय-समय पर रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाली इकाई" शामिल है।

## अध्याय-III: क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग और प्रसार

### 5. क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग के लिए डेटा का प्रारूप

सीआई द्वारा सीआईसी को क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग, अनुबंध IV में निर्धारित मानकीकृत डेटा प्रारूपों में की जाएगी। यह मानकीकृत डेटा प्रारूप गैर-स्वामित्व रिपोर्टिंग प्रारूप होंगे और इन्हें नीचे दर्शाए अनुसार "समान ऋण रिपोर्टिंग प्रारूप" (यूसीआरएफ) के रूप में जाना जाएगा:

फॉर्म 1: समान क्रेडिट रिपोर्टिंग प्रारूप (उपभोक्ता) - उपभोक्ता खंड के लिए।

फॉर्म 2: समान क्रेडिट रिपोर्टिंग प्रारूप (वाणिज्यिक) - वाणिज्यिक खंड के लिए।

फॉर्म 3: समान क्रेडिट रिपोर्टिंग प्रारूप (एमएफआई) – सूक्ष्म वित्त खंड के लिए।

### 6. सीआई द्वारा डेटा प्रस्तुत करना

### (1) सीआई द्वारा क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग

(ए) सीआई अपने उधारकर्ताओं की क्रेडिट जानकारी (ऐतिहासिक डेटा सहित) पर डेटा सभी सीआईसी को प्रस्तुत करेंगे।

(बी) सीआईसी और सीआई अपने द्वारा एकत्रित/रखी गई क्रेडिट जानकारी को पाक्षिक आधार पर (अर्थात संबंधित माह की 15वीं और अंतिम तारीख को) नियमित रूप से अद्यतन रखेंगे या सीआई और सीआईसी के बीच आपसी सहमति से कम अंतराल पर अद्यतन करेंगे। सीआई द्वारा सीआईसी को पाक्षिक रूप से ऋण जानकारी प्रस्तुत करना संबंधित रिपोर्टिंग पखवाड़े के सात (7) कैलेंडर दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। सीआईसी सूचना और निगरानी उद्देश्यों के लिए अर्धवार्षिक अंतराल (प्रत्येक वर्ष 31 मार्च और 30 सितंबर को) पर पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय को उन सीआई की सूची उपलब्ध कराएगा जो पाक्षिक डेटा प्रस्तुत करने की समयसीमा का पालन नहीं कर रहे हैं।

(सी) सीआई यह सुनिश्चित करेंगे कि सीआईसी को प्रस्तुत किए गए रिकॉर्ड नियमित रूप से अद्यतन किए जाते हैं और अंतिम किस्त सहित पुनर्भुगतान का कोई भी मामला रिपोर्ट किए बिना नहीं छोड़ा जाता है।

(डी) सीआईसीआरए, सीआई द्वारा सीआईसी के साथ क्रेडिट की जानकारी साझा करने के लिए उसमें निर्धारित शर्तों के अधीन सांविधिक समर्थन प्रदान करता है। अतः सीआईसीआरए के लागू होने के साथ, "सहमति खंड" निरर्थक हो गया है और इस कारण 1 अक्तूबर 2002 के परिपत्र डीबीओडी.सं.डीएल.बीसी.29/20.16.002/2002-03 के अनुबंध-I और II के अनुसार निर्धारित उधारकर्ता की सहमति पर बैंकों द्वारा जोर देने की आवश्यकता नहीं है।

(ई) यूसीआरएफ में क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग करते समय, अन्य बातों के अतिरिक्त, अनुबंध V में उल्लिखित दिशानिर्देशों का सीआई द्वारा पालन किया जाएगा।

(2) **स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों के संबंध में क्रेडिट जानकारी रिपोर्टिंग**

(ए) एसएचजी को वित्तपोषण करने वाले सीआई अनुबंध IV में उल्लिखित समान क्रेडिट रिपोर्टिंग प्रारूप (एमएफआई) में एसएचजी सदस्य स्तरीय डेटा को सीआईसी को रिपोर्ट करेंगे।

(बी) एसएचजी सदस्यों के संबंध में सीआई द्वारा सीआईसी को एकत्रित और रिपोर्ट की जाने वाली क्रेडिट की सूचना की संरचना अनुबंध VI में उल्लिखित है।

**(3) लाइसेंस अथवा पंजीकरण प्रमाणपत्र के रद्द होने के बाद क्रेडिट की सूचना रिपोर्टिंग तंत्र**

(ए) आरबीआई द्वारा स्वैच्छिक प्रस्तुति अथवा पर्यवेक्षी कार्रवाई के माध्यम से सीआई के पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर)/लाइसेंस को रद्द करने के मामले में, सीआईसी अपने सीआईआर में सीआई के बंद होने के कारण रिकॉर्ड के गैर-अद्यतीकरण को दर्शाने के लिए सीआई के उधारकर्ताओं के रिकॉर्ड में एक उपयुक्त अस्वीकरण डालेंगे।

(बी) उन सीआई के उधारकर्ताओं की ऋण जानकारी को अद्यतन करने में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए, जिनका पंजीकरण प्रमाणन (सीओआर)/लाइसेंस रद्द कर दिया गया है,, सीआईसी और सीआई 10 अप्रैल 2025 से पहले बैंकों/एनबीएफसी के लाइसेंस/सीओआर रद्द करने के बाद अनुबंध VII में दिए गए अनुसार क्रेदित की जानकारी रिपोर्टिंग तंत्र लागू करेंगे।

**7. सीआईसी द्वारा डेटा प्रमाणीकरण और अस्वीकृत डेटा का सुधार**

(1) सीआईसी डेटा स्वीकृति में शामिल तर्क और सत्यापन प्रक्रियाओं को सीआई के साथ साझा करेंगे, जिससे डेटा अस्वीकृति के मामलों को कम किया जा सके। सीआईसी द्वारा, अस्वीकृति के कारणों को मापदंडबद्ध किया जाएगा और संबंधित सीआई के बीच प्रसारित किया जाएगा।

(2) सीआईसी द्वारा जारी अस्वीकृति रिपोर्ट सरल और समझने योग्य होगी ताकि उनका उपयोग सीआई द्वारा रिपोर्टिंग और डेटा स्तर के मुद्दों को ठीक करने के लिए किया जा सके।

(3) सीआई अस्वीकृत डेटा को सुधारेंगे और ऐसी अस्वीकृति रिपोर्ट प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर सीआईसी पर अपलोड करेंगे।

(4) सीआईसी अपने डेटाबेस में पहचानकर्ता विसंगतियों की पहचान करने के लिए तिमाही में कम से कम एक बार आवधिक अभ्यास/जांच करेंगे और ऐसी पहचानकर्ता विसंगतियों के निष्कर्षों को संबंधित सीआई के साथ साझा करेंगे ताकि उनकी सटीकता की पुष्टि हो सके। ऐसे डेटा परिमार्जन अभ्यासों का समय पर (जैसे एक महीने के भीतर) उत्तर नहीं देने वाले सीआई की सूची छमाही अंतराल (31 मार्च और 30 सितंबर तक) पर पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय को सूचनार्थ भेजी जाएगी।

**स्पष्टीकरण:** सीआईसी पहचानकर्ता विसंगतियों का पता लगाने के लिए सीआईसीआरए के तहत सीआई से प्राप्त डेटा को अपने संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ साझा नहीं करेंगे और संबंधित सीआई से पुष्टि प्राप्त किए बिना अपने डेटाबेस में बदलाव भी नहीं करेंगे।

**8. डेटा गुणवत्ता सूचकांक**

(1) सीआईसी उपभोक्ता, वाणिज्यिक और सूक्ष्म वित्त खंडों के लिए डेटा गुणवत्ता सूचकांक (डीक्यूआई) तैयार और प्रदान करेंगे, जैसा कि अनुबंध VIII, IX और X में दिया गया है, ताकि सीआईसी को सीआई

द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके और समय के साथ उसमें सुधार किया जा सके।

(2) सीआईसी सभी सदस्य सीआई को मासिक आधार पर संख्यात्मक स्कोर के रूप में तीन रिपोर्टिंग खंडों (उपभोक्ता, वाणिज्यिक और सूक्ष्म वित्त) के लिए डीक्यूआई प्रदान करेंगे।

(3) उपभोक्ता खंड के लिए डीक्यूआई स्कोर जनसांख्यिकीय और व्यापार डेटा स्कोर के औसत के रूप में सीआई स्तर पर प्रदान किया जाएगा और ऐसे डीक्यूआई स्कोर की गणना उस सीआई के फ़ाइल स्तर डीक्यूआई स्कोर के औसत के रूप में की जाएगी।

(4) वाणिज्यिक और सूक्ष्म वित्त खंडों के लिए डीक्यूआई स्कोर भी सीआई और फ़ाइल स्तर पर प्रदान किए जाएंगे। सीआई स्तर पर वाणिज्यिक और सूक्ष्म वित्त खंडों के लिए डीक्यूआई स्कोर की गणना उस सीआई के वाणिज्यिक और सूक्ष्म वित्त खंडों के फ़ाइल स्तर डीक्यूआई स्कोर के भारित औसत के रूप में की जाएगी।

(5) सीआईसी मासिक आधार पर अपनी संबंधित श्रेणी (जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, विदेशी बैंक, सहकारी बैंक, आरआरबी, एनबीएफसी आदि) में सीआई स्तर डीक्यूआई के भारित औसत के रूप में तीन रिपोर्टिंग खंडों में से प्रत्येक के लिए उद्योग स्तरीय डीक्यूआई की गणना करेंगे। इसके अतिरिक्त, छमाही उद्योग बेंचमार्क की गणना सीआई की संबंधित श्रेणी के पिछले छह महीनों के उद्योग स्तर डीक्यूआई स्कोर के रोलिंग औसत के रूप में की जाएगी।

(6) सीआईसी प्रत्येक सीआई को स्कोर में गिरावट के कारण देंगे, यदि (ए) पिछले महीने की तुलना में सीआई स्तर स्कोर में गिरावट आई है अथवा (बी) सीआई स्तर स्कोर छमाही उद्योग बेंचमार्क से कम है।

(7) सीआईसी सूचना और निगरानी के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 30 सितंबर और 31 मार्च को अर्धवार्षिक अंतराल पर भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय के पर्यवेक्षण विभाग को सभी खंडों के सीआई स्तर डीक्यूआई और उद्योग स्तर डीक्यूआई का मासिक डेटा उपलब्ध कराएंगे।

(8) सीआई को सूचित किया जाता है कि वह सीआईसी को प्रस्तुत किए जा रहे डेटा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सभी खंडों के लिए डीक्यूआई की छमाही समीक्षा करें। पहचान किए गए मामलों और किए गए सुधारात्मक पहल सहित प्रत्येक सीआई द्वारा एक रिपोर्ट उस छमाही की समाप्ति से दो महीने के भीतर समीक्षा के लिए अपने शीर्ष प्रबंधन के समक्ष रखी जाएगी।

## 9. सीआईसी द्वारा क्रेडिट की जानकारी प्रसार

### (1) क्रेडिट की जानकारी रिपोर्ट (सीआईआर)

(ए) सीआईआर के प्रारूप को मानकीकृत करना आवश्यक नहीं माना जाता है क्योंकि बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए कुछ भिन्नता आवश्यक है। हालांकि, सीआईसी सीआईआर शब्दावली को मानकीकृत करेंगे और कुछ अनिवार्य की-फ़ील्ड भी रखेंगे। इससे उपयोगकर्ताओं द्वारा दो या अधिक सीआईसी से प्राप्त सीआईआर के बीच तुलना करना आसान हो जाएगा।

(बी) सीआईसी एक उधारकर्ता के लिए एक ही क्रेडिट की जानकारी रिपोर्ट (सीआईआर) प्रदान करेगा, चाहे फर्म/व्यक्ति के पास एक से अधिक पते हों, जिन्हें सीआई द्वारा प्रदान की गई एक विशिष्ट पहचान संख्या जैसे पैन संख्या, मतदाता पहचान पत्र संख्या, पासपोर्ट संख्या, ड्राइविंग लाइसेंस संख्या आदि का उपयोग कर बनाया गया हो।

(सी) सीआईसी सीआईआर में जहां भी लागू हो, सह-उधारकर्ताओं और गारंटीकर्ता का विवरण दर्ज करेंगे। इससे यह तय करने में आसानी होगी कि सीआई किसी इकाई में कितना एक्सपोजर मानता है। सीआईआर में ग्राहकों द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटीकर्ता के रूप में लिए गए ऋणों का विवरण दिया जाएगा।

(डी) सीआईसी को एक ही ग्राहक द्वारा एक से अधिक उधार जिसमें चालू और बंद दोनों खाते शामिल हैं,चालू खातों, बंद खातों और एनपीए की स्थिति/इरादतन चूक/बाद दाखिल मुकदमे की समग्र स्थिति के क्रम में विभिन्न खातों के बारे में जानकारी देनी होगी, जिसमें प्रत्येक खाते के लिए सीमाएं और देनदारियां शामिल होंगी।

(ई) यदि सीआईआर में दी गई कोई जानकारी विवादास्पद है और मामले का संतोषजनक समाधान नहीं हुआ है, तो सीआईआर को उपयुक्त प्रकटीकरण करने होंगे। यदि ग्राहक चाहे तो उसकी टिप्पणी भी सीआईआर में जोड़ी जा सकती है। उपभोक्ता विवादों से संबंधित कुछ क्षेत्र जैसे विवाद का कोड, विवाद का विवरण, विवाद की तारीख और विवादों पर उपभोक्ता की टिप्पणियां (जैसा कि आदित्य पुरी समिति की रिपोर्ट जो अनुबंध 5 में सूचीबद्ध है[3]) सीआईआर में शामिल की जा सकती हैं।

(एफ) ग्राहकों को पूर्व में अस्वीकृत किए गए ऋणों से संबंधित जानकारी सीआईसी द्वारा रिपोर्ट नहीं की जाएगी । ऐसी जानकारी ग्राहक हितों के लिए प्रतिकूल हो सकती है क्योंकि एक सीआई की अस्वीकृति को दूसरे सीआई द्वारा अस्वीकृति के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

(जी) मौजूदा सीआईआर के अतिरिक्त, सीआईसी सभी मॉड्यूलों अर्थात उपभोक्ता, वाणिज्यिक और एमएफआई, सीआई द्वारा उपयोग के लिए एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में उपलब्ध उधारकर्ता के संबंध में क्रेडिट जानकारी को शामिल करते हुए एक व्यापक क्रेडीट की जानकारी रिपोर्ट (सीसीआईआर) प्रदान कर सकते हैं ।यह सीआई को उनके संबंधित क्रेडिट मूल्यांकन आवश्यकताओं के आधार पर सीआईआर अथवा सीसीआईआर का उपभोग करने का विकल्प प्रदान करेगा।

(एच) क्रेडिट स्कोर की समझ और व्याख्या को आसान और सुसंगत तरीके से सुविधाजनक बनाने के लिए, सभी सीआईसी द्वारा क्रेडिट स्कोर को 300 से 900 तक कैलिब्रेट किया जाएगा, ताकि उनके पास क्रेडिट स्कोर का एक सामान्य वर्गीकरण हो।

(आई) सीआईसी अनुरोधकर्ता के अनुरोध पर और उचित प्रमाणीकरण के बाद एक वर्ष (जनवरी-दिसंबर) के दौरान किसी भी समय, एक बार, क्रेडिट स्कोर सहित मुफ्त पूर्ण क्रेडिट रिपोर्ट (एफएफसीआर), उन व्यक्तियों को इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में एक्सेस प्रदान करें जिनका क्रेडिट स्कोर उनके पास उपलब्ध है । एफएफसीआर, सीआईसी के पास उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार व्यक्ति के प्रति सीआई के एक्सपोजर की अध्यतन स्थिति को दर्शाएगा। एफएफसीआर की विषय-वस्तु वही होगी जो सीआई को प्रदान की गई व्यक्ति की रिपोर्ट के सबसे विस्तृत संस्करण में परिलक्षित होती है, जिसमें क्रेडिट स्कोर भी शामिल है। सीआईसी अपनी वेबसाइट (होमपेज पर ही) पर एफएफसीआर तक एक्सेस के लिए लिंक को प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगे ताकि अपने एफएफसीआर तक को हर व्यक्ति आसानी से एक्सेस कर सकें। सीआईसी के पास एफएफसीआर उपलब्ध कराने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति होगी।

---

[3] समिति की रिपोर्ट इस लिंक के माध्यम से देखी जा सकती है: https://rbi.org.in/hi/web/rbi/-/publications/reports/report-of-the-committee-to-recommend-data-format-for-furnishing-of-credit-information-to-credit-information-companies-763

(जे) सीआईआर के लिए सीआईसी के पूछताछ मॉड्यूल में उपयुक्त उप-क्षेत्र (प्रत्येक में 5-7 से अधिक विकल्प नहीं) होंगे जिनमें से जांच के उद्देश्य का चयन करते समय एसयू का चयन करना होगा। इसके अतिरिक्त, सीआईसी के पूछताछ मॉड्यूल में उप-क्षेत्रों में से एक को अनिवार्य रूप से 'बिजनेस लोन – डायरेक्टर सर्च - सॉफ्ट इन्क्वायरी - स्कोर अनअफेक्टेड' के रूप में नामित किया जाएगा। सीआईसी सही जांच मापदंडों और इसके निहितार्थों को चुनने के महत्व पर एसयू को संवेदनशील बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

**(2) व्यक्तियों की सहमति के आधार पर तृतीय पक्ष की संस्थाओं के साथ क्रेडिट की जानकारी साझा करना**

यह देखा गया है कि किसी व्यक्ति की सहमति के आधार पर सीआईसी ऐसी संस्थाओं के साथ समझौता करके क्रेडिट की जानकारी साझा कर रहे हैं, जो एसयू नहीं हैं। ऐसी संस्थाओं के साथ संवेदनशीलता और संभावित दुरुपयोग को देखते हुए, सीआईसी इस उद्देश्य के लिए एक उपयुक्त तंत्र स्थापित करें।

(ए) सीआईसी ऐसी संस्थाओं के साथ समझौता करके कोई व्यक्ति जो निर्दिष्ट उपयोगकर्ता नहीं हैं की सहमति के आधार पर उसकी ऋण जानकारी साझा करते समय एक मजबूत उचित सावधानीपरक और नियंत्रण तंत्र स्थापित करेंगे । इसमें संस्था के बारे में सभी उपलब्ध जानकारियों का मूल्यांकन शामिल होगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं। निम्नलिखित के अतिरिक्त अन्य शर्तें इसमें शामिल हो सकती है:

(i) प्रबंधन का सामान्य स्वरूप जनहित के प्रतिकूल नहीं होना चाहिए ।

(ii) व्यावसायिक प्रतिष्ठा, स्वामित्व संरचना, अनुपालन/अभिशासन मानक, शिकायत निवारण तंत्र और लंबित मुकदमे।

(iii) वित्तीय सुदृढ़ता और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की क्षमता।

(iv) अनुबंधित अवधि में ग्राहकों की प्रस्तावित गतिविधि का समर्थन करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता और प्रबंधकीय संसाधन।

(v) सूचना सुरक्षा और आंतरिक नियंत्रण, लेखा परीक्षा कवरेज, निगरानी और रिपोर्टिंग वातावरण और कारोबार निरंतरता प्रबंधन।

(बी) सहमति के आधार पर किसी व्यक्ति की क्रेडिट जानकारी को किसी संस्था के साथ साझा करते समय सीआईसी उस इकाई से यह सुनिश्चित करेंगे कि:

(i) संस्था, व्यक्ति के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में अपनी क्षमता में, सीआईआर का उपयोग केवल सीमित अंतिम उपयोग के लिए करेगी, जैसा कि उनके बीच सहमति हुई है और सहमत उद्देश्य के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को जानकारी का उपयोग अथवा बिक्री अथवा पुनः विक्रय अथवा जानकारी पास नहीं करेगी या सीआईआर प्राप्ति में खुद को शामिल नहीं करेगी। "व्यक्तिगत सहमति" का अर्थ है किसी भी दस्तावेजी माध्यम से व्यक्ति की पूर्व लिखित सहमति, जिसे समय-समय पर सत्यापन योग्य इलेक्ट्रॉनिक अथवा भौतिक रिकॉर्ड के रूप में संग्रहीत किया जाता है और जो प्रकृति में स्थायी होता है।

(ii) इन संस्थाओं के साथ सीआईसी द्वारा साझा की गई क्रेडिट जानकारी केवल छह महीने की सीमित समय अवधि के लिए संग्रहीत की जाती है, अथवा ऐसे समय तक क्रेडिट जानकारी को उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए बनाए रखने की आवश्यकता होती है जिसके लिए इसका आशय था, अथवा यदि कोई

व्यक्ति ऐसी क्रेडिट जानकारी को संग्रहीत करने के लिए अपनी सहमति वापस ले लेता है, इनमें से जो भी पहले हो, तत्पश्चात संग्रहीत ऋण जानकारी डिलीट कर दी जाएगी। यदि संस्थाओं द्वारा प्राप्त की गई ऐसी ऋण जानकारी प्राप्ति का उद्देश्य पूरा नहीं होता है, तो इन संस्थाओं को ऊपर बताए अनुसार छह महीने की अवधि से परे ऋण जानकारी को बनाए रखने के लिए संबंधित व्यक्ति से पुनः सहमति लेने की आवश्यकता होगी। इस उद्देश्य के लिए नियुक्त सूचना प्रणाली लेखा परीक्षक उपरोक्त अनुपालन की जांच करेगा।

(iii) सीआईसीआरए, 2005 और अन्य लागू कानूनों के प्रावधानों का उल्लंघन कर किसी अन्य तृतीय पक्ष जिसमें इसकी किसी भी समूह कंपनी, अनुषंगी, सहायक अथवा सहयोगी कंपनी शामिल हैं के द्वारा अथवा उनके अतिरिक्त अन्य द्वारा इसका कोई अनधिकृत उपयोग नहीं किया जाता है।

(iv) ऐसी जानकारी अपने कर्मचारियों या एजेंटों के साथ केवल 'जानने की आवश्यकता आधार पर' साझा की जाती है, जबकि यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त जानकारी तक एक्सेस वाले ऐसे कर्मचारी या एजेंट गोपनीयता के दायित्व के अधीन हैं।

(v) क्रेडीट जानकारी की प्राप्ति को किसी भी अनधिकृत पहुंच अथवा उपयोग के विरुद्ध ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से विधिवत संरक्षित किया जाता है, जिससे इकाई और व्यक्ति के बीच सहमति के अनुसार किए गए खुलासों को छोड़कर सभी लेन-देन की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

(vi) प्राप्त क्रेडिट की सूचना को भारत में संसाधित और संग्रहीत किया जाएगा तथा भारत के बाहर स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

(सी) सूचना प्रणाली (आईएस) लेखा परीक्षा के संबंध में -

(i) सीआईसी अपने समझौते में एक खंड शामिल करेंगे कि इकाई द्वारा नियुक्त सीआईएसए प्रमाणित लेखा परीक्षक उन संस्थाओं का आईएस ऑडिट करेगा जिनके साथ सीआईसी ने वैयक्तिक सहमति के आधार पर क्रेडिट की जानकारी साझा करने के लिए समझौता किया है और इस संबंध में आईएस लेखापरीक्षा रिपोर्ट सीआईसी को प्रस्तुत की जाएगी। ऐसी लेखापरीक्षा वार्षिक रूप से अथवा यदि आवश्यक हो तो उससे भी पहले की जाएगी।

(ii) आईएस ऑडिट अथवा नियुक्त आईएस लेखापरीक्षक का दायरा यह सुनिश्चित करना होगा कि संस्थाएं सीआईसीआरए, 2005 की धारा 19, 20 और 22 तथा सीआईसी नियम, 2006 के नियम 18(बी), 23, 28 और 29 का पालन कर रही हैं तथा अनुमत उद्देश्यों के लिए क्रेडिट जानकारी का उपयोग कर रही हैं।

(iii) आईएस लेखापरीक्षा रिपोर्ट तथा सीआईसी के बोर्ड द्वारा की गई समीक्षा आरबीआई की पर्यवेक्षी टीम के साथ साझा की जाएगी।

(डी) सीआईसी इन संस्थाओं के साथ समझौता करते समय इन दिशानिर्देशों के प्रवर्तन के लिए अनुबंध/करार में उचित प्रावधान शामिल कर सकती हैं। संस्थाओं द्वारा करार के किसी भी खंड का उल्लंघन अथवा संस्थाओं के विरुद्ध आईएस लेखापरीक्षक की कोई प्रतिकूल टिप्पणी सीआईसी को

कठोर कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य करेगी, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ करार को समाप्त करना भी शामिल हो सकता है।

## 10. क्रेडिट सूचना रिपोर्ट में सुधार

(1) सीआई और सीआईसी क्रेडिट जानकारी के अध्यतन, परिवर्तन, विवादों के समाधान आदि के संबंध में सीआईसीआरए और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के तहत निर्धारित समय अवधि का पालन करेंगे। इस संबंध में सीआईसी नियम, 2006 के नियम 20, 21, 25 और 26 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। निर्धारित समय सीमा से विचलन की निगरानी की जाएगी और ग्राहक सेवा पर बोर्ड/बोर्ड की समिति को प्रस्तुत की जाने वाली आवधिक रिपोर्ट/समीक्षाओं में इस पर टिप्पणी की जाएगी।

(2) सीआई और सीआईसी के पास सीआईआर में डेटा के सुधार के लिए ग्राहक अनुरोध प्राप्त करने की व्यवस्था होगी। उच्च डेटा गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, सभी गलत डेटा को मूल रूप से डेटा प्रस्तुत करने वाले सीआई द्वारा स्रोत पर ही ठीक किया जाएगा। सीआईसी उधारकर्ता डेटा में तब तक कोई बदलाव नहीं करेगा जब तक कि डेटा प्रस्तुत करने वाले सीआई ने स्रोत पर इसे सुधार न लिया हो, ताकि सीआई द्वारा अगले प्रस्तुति चक्र में अद्यतन डेटा को गलत डेटा द्वारा अधिलेखन किए जाने की जोखिम को कम किया जा सके।

(3) सीआईसी सदस्य सीआई को फ्रंट-एंड इंटरफेस के द्वारा अपने डेटाबेस में खाता स्तर के अपडेट देखने के लिए एक विशेष 'व्यू' / 'रीड ओनली' एक्सेस प्रदान करेगा, जिससे सीआई खाता अपडेट / सुधार अनुरोधों की पुष्टि अथवा अपलोड करने में सक्षम हो सकें और सीआईआर में विसंगतियों का तेजी से समाधान भी कर सकें। ग्राहक सेवा के हित में सीआईसी एक पूर्ण ऑनलाइन डेटा सुधार तंत्र का परिचालन करेंगे।

(4) यदि सीआईआर में कोई सुधार किया जाता है, तो जिन्हें पिछले छह महीनों के दौरान रिपोर्ट जारी की गई थी ऐसे व्यक्तियों को सीआईसी सुधारित रिपोर्ट की एक निः शुल्क प्रति प्रदान करेगा । हालांकि, सीआईसी के सदस्य यदि गलत डेटा के लिए जिम्मेदार हैं तो सीआईआर की लागत उनके द्वारा वहन की जा सकती है।

## 11. क्रेडिट मूल्यांकन में क्रेडिट सूचना रिपोर्ट का उपयोग

(1) सीआई को अपनी क्रेडिट नीतियों/ऋण मूल्यांकन प्रक्रियाओं में एक या अधिक सीआईसी से क्रेडिट सूचना रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए उपयुक्त प्रावधान शामिल करने चाहिए ताकि क्रेडिट संबंधी निर्णय प्रणाली में उपलब्ध क्रेडिट जानकारी पर आधारित हों।

(2) सीआईसी को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) अथवा सूक्ष्म वित्त संस्थान नेटवर्क (एमएफआईएन)/स-धन के सहयोग से ऋणदाताओं के लिए नियमित रूप से कार्यशालाएं आयोजित करनी चाहिए, जिससे ऋण मूल्यांकन में क्रेडिट सूचनाओं के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और ऋण आवेदकों की बेहतर जांच की जा सके।

## 12. सीआई द्वारा सूचना प्रदर्शित करना[4]

सीआई, जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 के अनुसार सुरक्षित ऋणदाता हैं, वह अपनी वेबसाइट पर उन उधारकर्ताओं के संबंध में सूचना प्रदर्शित करेंगे, जिनकी सुरक्षित आस्तियों को सीआई ने सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत अनुबंध XI में दिए गए प्रारूप के अनुसार अपने कब्जे में ले लिया है। इस जानकारी सूची को मासिक आधार पर अद्यतन किया जाएगा।

## 13. विनियमन विभाग द्वारा जारी अन्य अनुदेशों की प्रयोज्यता

सीआई और सीआईसी निम्नलिखित निदेशों/परिपत्रों में निर्धारित क्रेडिट सूचना रिपोर्टिंग पर लागू अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे:

(1) दिनांक 21 अप्रैल, 2022 के मास्टर निदेश – क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड – जारी और आचार संबन्धित निदेश, 2022, समय-समय पर यथासंशोधित।
(2) दिनांक 12 सितंबर, 2023 के मास्टर निदेश – वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो का वर्गीकरण, मूल्यांकन और परिचालन, निदेश, 2023, समय-समय पर यथासंशोधित।
(3) दिनांक 23 अगस्त, 2016 के मास्टर निदेश – स्टैंडअलोन प्राइमरी डीलर (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2016, समय-समय पर संशोधित।
(4) दिनांक 21 सितंबर, 2023 के मास्टर निदेश – भारतीय रिजर्व बैंक (बासल III पूंजी ढांचे, एक्सपोजर मानदंड, महत्वपूर्ण निवेश, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान के लिए निवेश पोर्टफोलियो मानदंडों का वर्गीकरण, मूल्यांकन और परिचालन पर विवेकपूर्ण विनियमन) निदेश, 2023, समय-समय पर संशोधित।
(5) दिनांक 02 सितंबर, 2022- डिजिटल उधर पर दिशानिर्देश, समय-समय पर यथासंशोधित।
(6) दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 के मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी- स्केल आधारित विनियमन) निदेश, 2023 समय-समय पर यथासंशोधित।
(7) मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (ऋण एक्स्पोज़र का हस्तांतरण) निदेश, 2021 दिनांक 24 सितंबर, 2021, समय-समय पर यथासंशोधित।
(8) दिनांक 26 मई, 2016 के मास्टर निदेश – भारतीय रिज़र्व बैंक (बैंकों द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सेवाएँ) निदेश, 2016, समय-समय पर यथासंशोधित।
(9) दिनांक 04 अक्टूबर, 2017 के मास्टर निदेश – गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी – पीयर टू पीयर लेंडिंग प्लेटफ़ॉर्म (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2017, समय-समय पर यथासंशोधित।

[4] इस संबंध में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं: https://rbi.org.in/web/rbi/faq-page-2?ddm__keyword__26256231__FaqDetailPage2Title_en_US=Display%20of%20information%20-%20Secured%20assets%20possessed%20under%20the%20SARFAESI%20Act,%202002

## अध्याय-IV: तकनीकी कार्य समूह

### 14. तकनीकी कार्य समूह पर अनुदेश

(1) डेटा प्रारूपों की समीक्षा और उनमें आवश्यक होने पर परिवर्तन करने के लिए एक निरंतर तंत्र को संस्थागत बनाने हेतु एक तकनीकी कार्य समूह (टीडब्ल्यूजी) का गठन किया जाएगा। टीडब्ल्यूजी निम्नलिखित कार्य होंगे:

(ए) एक वर्ष में कम से कम एक बार डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों की समीक्षा करें और इस संबंध में रिज़र्व बैंक को सिफारिशें, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

(बी) सभी डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों अर्थात उपभोक्ता, वाणिज्यिक, सूक्ष्म वित्त (एमएफआई) खंडों के लिए डेटा फ़ील्ड पर नियम बनाएँ। आरबीआई को समूह द्वारा अंतिम रूप दिए जाने के बाद डेटा प्रारूपों को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

(सी) ऋण सूचना के संग्रह और प्रसार से संबंधित कोई अन्य मामला, जिसे रिज़र्व बैंक समय-समय पर सौंप सकता है।

(2) टीडब्ल्यूजी में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, विदेशी बैंक, प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक (यूसीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), अखिल भारतीय अधिसूचित वित्तीय संस्थान (एआईएफआई), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), आवास वित्त कंपनियां (एचएफसी), आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियां (एआरसी), भारतीय बैंक संघ (आईबीए), सूक्ष्म वित्त इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (एमएफआईएन), स-धन और सीआईसी के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

(3) टीडब्ल्यूजी की बैठकें कैलेंडर वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित की जाएंगी। चारों सीआईसी नाम के वर्णानुक्रम में क्रमावर्ती (प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के लिए) अनुसार टीडब्ल्यूजी के संयोजक के रूप में कार्य करेंगे।

### 15. टीडब्ल्यूजी का स्थायी उप-समूह

(1) टीडब्ल्यूजी का एक स्थायी उप-समूह सलाहकार और सहयोगी निकाय के रूप में कार्य करने के लिए गठित किया जाएगा जिससे विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि प्रदान की जा सके और क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग के तकनीकी पहलुओं पर सिफारिशें की जा सकें। इसका उद्देश्य ऋण जानकारी रिपोर्टिंग के संबंध में सीआई और सीआईसी द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों के बारे में गहन चर्चाओं में सहयोग करना होगा। इसमें आईटी प्रणालियों में परिवर्तन सहित आवश्यक संशोधन शामिल हैं, जो डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों में आवश्यक हो सकते हैं। उप-समूह ऋण जानकारी रिपोर्टिंग पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित करने हेतु व्यापक टीडब्ल्यूजी का समर्थन करने के लिए कार्य करेगा।

(2) टीडब्ल्यूजी के उप-समूह में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, विदेशी बैंक, लघु वित्त बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, शहरी सहकारी बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियां, स्व-विनियामक संगठन (एसआरओ), जैसे एमएफआईएन तथा सा-धन, और सभी सीआईसी के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

(3) उप-समूह के सदस्यों का चयन रिज़र्व बैंक की पूर्व स्वीकृति से संयोजक द्वारा किया जाएगा। चर्चाओं की समग्र विशेषज्ञता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए, उप-समूह के सदस्य अपनी बैठकों में विषयवस्तु के विशेषज्ञों को नामित करेंगे।

(4) क्रेडिट जानकारी रिपोर्टिंग मुद्दों पर चर्चा करने और संभावित समाधान तलाशने के लिए टीडब्ल्यूजी का उप-समूह कम से कम छमाही आधार पर बैठक करेगा।

(5) प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, सीआईसी जो किसी विशिष्ट वर्ष के लिए टीडब्ल्यूजी संयोजक की भूमिका निभाता है, वह उस विशेष कैलेंडर वर्ष में उप-समूह के संयोजक के रूप में भी कार्य करेगा।

(6) उचित तैयारी और सूचित चर्चा सुनिश्चित करने के लिए, संयोजक निर्धारित बैठक से कम से कम पंद्रह (15) दिन पहले बैठक का कार्यसूची और नोट्स भेजेगा। इसके अतिरिक्त, यदि सदस्य चर्चा के लिए कोई नया मुद्दा अथवा मद प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो उन्हें चर्चा के बिंदुओं और प्रस्तावित समाधानों को रेखांकित करते हुए संयोजक को एक नोट भेजनी चाहिए।

(7) उप-समूह की चर्चाओं से निकलने वाले कार्य बिंदुओं में सीआईसी और सीआई द्वारा उनके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक विशिष्ट समयसीमाएँ शामिल होंगी।

(8) टीडब्ल्यूजी के उप-समूह की सिफारिशें विनियमन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक को अवलोकन के लिए भेजी जाएंगी। यदि आवश्यक हो तो आरबीआई इन सिफारिशों पर टीडब्ल्यूजी की राय ले सकता है

## अध्याय-V: ग्राहक सेवा और शिकायत निवारण

### 16. सीआईसी और सीआई द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा को सुदृढ़ बनाना

सीआईसी और सीआईसी द्वारा प्रदान की जाने वाली शिकायत निवारण प्रणाली और ग्राहक सेवा की प्रभावकारिता को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए सीआई और सीआईसी द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे।

#### (1) सीआईआर एक्सेस की सूचना और सीआईसी के साथ क्रेडिट जानकारी को अद्यतन करना

(ए) जब एसयू द्वारा ग्राहकों के सीआईआर एक्सेस किया जाएगा तो जिन ग्राहकों के मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी विवरण उपलब्ध हैं सीआईसी उन्हें एसएमएस/ईमेल के माध्यम से अलर्ट भेजेंगे। सीआईसी द्वारा अलर्ट केवल तभी भेजे जाएंगे जब सीआईआर पूछताछ ग्राहक के सीआईआर में दिखाई देगी।

(बी) सीआई मौजूदा क्रेडिट सुविधाओं में चूक/बकाया दिनों (डीपीडी) के बारे में सीआईसी को जानकारी प्रस्तुत करते समय जिन ग्राहकों के मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी विवरण उपलब्ध हैं उन्हें एसएमएस/ईमेल के माध्यम से अलर्ट भेजेंगे।

(सी) एसएमएस/ईमेल के माध्यम से अलर्ट भेजने में सक्षम बनाने के लिए, सीआई द्वारा सीआईसी को क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग के लिए समान ऋण रिपोर्टिंग प्रारूप को संशोधित किया गया है, जो अनुबंध XII (मद 1) में उल्लिखित है ।

(डी) सीआई को सूचित किया जाता है कि वह अपने ग्राहकों को उनके मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी जमा करने के लाभों के बारे में जागरूक करने हेतु विशेष जागरूकता अभियान आयोजित करें।

#### (2) सीआई द्वारा नोडल बिन्दु/अधिकारी की स्थापना

(ए) सीआई के पास ग्राहक शिकायतों के निवारण के लिए सीआईसी के संपर्क हेतु एक समर्पित नोडल बिन्दु/ अधिकारिक होगा। ईमेल आईडी और टेलीफोन/मोबाइल नंबर के साथ नोडल बिन्दु/अधिकारी का विवरण सीआई द्वारा सीआईसी को प्रस्तुत किया जाएगा।

(बी) सीआई नोडल बिन्दु/अधिकारिक में किसी भी परिवर्तन के बारे में सीआईसी को ऐसे परिवर्तन के पांच (5) कैलेंडर दिनों के भीतर सूचित करेंगे।

#### (3) सीआई द्वारा डेटा सुधार के अनुरोधों को अस्वीकार का कारण

(ए) सीआई द्वारा ग्राहकों को डेटा सुधार करने के उनके अनुरोधों को अस्वीकार का कारण, यदि कोई है, तो उसके बारे में सूचित किया जाएगा, जिससे इस प्रकार के ग्राहक सीआईआर में मुद्दों को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

(बी) सभी सीआई को सीआईसी द्वारा अनुरोधों को अस्वीकार करने के कारणों की सूची परिचालित की जाएगी। सीआई शिकायत निवारण प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों/सीआईसी द्वारा किए गए डेटा सुधार के अनुरोधों की अस्वीकृति के बारे में सूचित करते समय इसका उपयोग करेंगे।

**(4) सीआई द्वारा शिकायतों के मूल कारण विश्लेषण**

(ए) सीआई द्वारा कम-से-कम छमाही आधार पर ग्राहक शिकायतों के मूल कारण का विश्लेषण (आरसीए) किया जाएगा। सीआई द्वारा अन्य के साथ सीआईसी द्वारा अस्वीकृत किए गए आंकड़ों की जानकारी और सीआईसी द्वारा उपलब्ध कराए गए डीक्यूआई को भी आरसीए के लिए सूचना स्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा।

(बी) सीआई के शीर्ष प्रबंधन द्वारा आरसीए विश्लेषण की समीक्षा कम-से-कम वार्षिक आधार पर की जाएगी।

(5) **सीआईसी द्वारा मैच लॉजिक एल्गोरिथ्म की आवधिक समीक्षा**

(ए) सीआईसी के पास उधारकर्ता को सीआईआर प्रदान करने हेतु उनके द्वारा कार्यान्वित की गई 'सर्च और मैच (खोज एवं मिलान)' तर्क आधारित एल्गोरिथम की आवधिक समीक्षा (कम से कम अर्ध-वार्षिक आधार पर) करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति होगी।

(बी) सीआईसी में शिकायतों का मूल कारण विश्लेषण (आरसीए) करने की प्रणाली उपलब्ध होगी। सीआईसी द्वारा निपटान की गई शिकायतों के मूल कारण विश्लेषण का उपयोग विद्यमान 'सर्च और मैच (खोज एवं मिलान)' तर्क आधारित एल्गोरिथम में मुद्दों की पहचान करने के लिए किया जाएगा।

(सी) आरसीए के परिणाम तथा सर्च और मैच (खोज एवं मिलान) तर्क में बाद में परिवर्तनों को समीक्षा के लिए सीआईसी के निदेशक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**(6) सीआईसी द्वारा क्रेडिट की सूचना डेटा का अंतर्ग्रहण**

(ए) सीआईसी को अपने आंकडे स्वीकृति नियमों के अनुसार सीआई से प्राप्त क्रेडिट की सूचना डेटा को सीआई से प्राप्त होने के पांच (5) कैलेंडर दिवसों में अपने डेटाबेस में अंतर्निहित करना चाहिए।

(बी) डेटा अस्वीकृत होने पर, सीआईसी द्वारा संबंधित सीआई को डेटा की प्राप्ति के सात (7) कैलेंडर दिवसों में, कारणों सहित डेटा की अस्वीकृति के बारे में सूचित किया जाएगा।

**(7) सीआईसी द्वारा क्रेडिट की सूचना रिपोर्टिंग की शिकायतों का प्रकटीकरण**

सीआईसी अनुबंध XII (सारणी 1 और 2) में दिए गए फार्मेट के अनुसार अपने और सीआई के विरुद्ध दर्ज शिकायतों का ब्यौरा अपनी वेबसाइट पर प्रकट करेंगे।

## 17. क्रेडिट की जानकारी का विलंब से अद्यतनीकरण/सुधार हेतु ग्राहकों को क्षतिपूर्ति के लिए ढांचा

क्रेडिट सूचना का विलंब से अद्यतनीकरण /सुधार करने के लिए सीआईसी और सीआई को निम्नलिखित क्षतिपूर्ति तंत्र लागू करने का निर्देश दिया जाता है:

(1) यदि शिकायतकर्ता द्वारा सीआई/सीआईसी के पास प्रारंभिक शिकायत दर्ज करने की तारीख से तीस (30) कैलेंडर दिवसों के भीतर शिकायत का समाधान नहीं किया जाता है तो शिकायतकर्ता ₹100 प्रति कैलेंडर दिवस के क्षतिपूर्ति के हकदार होंगे।

**स्पष्टीकरण:**

(ए) सीआईसीआरए, 2005 की धारा 21(3) में प्रावधान किया गया है कि कोई भी शिकायतकर्ता सीआईसी या सीआई को उचित सुधार, परिवर्धन अथवा अन्य द्वारा क्रेडिट सूचना अद्यतन करने के लिए मांग कर सकता है और ऐसे अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर सीआई अथवा सीआईसी द्वारा इसके प्राप्त होने के तीस (30) दिनों के भीतर क्रेडिट की सूचना अद्यतन करने हेतु कदम उठाएंगे।

(बी) सीआईसी नियम, 2006 के नियम 20 (3) (सी) में सीआई ऋण सूचना के संशोधित विवरण को सीआईसी अथवा शिकायतकर्ता को उस तारीख से 21 दिनों की अवधि के भीतर भेजेगा जब सीआई को क्रेडिट सूचना में गलती के बारे में सूचित किया गया था।

(सी) सीआईसीआरए, 2005 की धारा 21 (3) और सीआईसी नियम, 2006 के नियम 20 (3) (सी) के साथ पठित सीआई और सीआईसी को सामूहिक रूप से शिकायत के समाधान/निपटान के लिए तीस (30) दिन की कुल सीमा दी गई है। वस्तुत: इसका आशय यह होगा कि सीआई को 21 दिन प्रदान किए है और सीआईसी को शिकायत के पूर्ण समाधान के लिए प्रभावी रूप से शेष नौ (9) दिन प्रदान किए गए है।

(2) यदि सीआई, शिकायतकर्ता या सीआईसी द्वारा सूचित किए जाने के इक्कीस (21) कैलेंडर दिनों के भीतर उचित सुधार अथवा परिवर्धन अथवा अन्य द्वारा सीआईसी को अद्यतन क्रेडिट सूचना भेजने में विफल हो जाता है तो सीआई द्वारा शिकायतकर्ता को क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाएगा।

(3) यदि सीआईसी, शिकायतकर्ता अथवा सीआई द्वारा सूचित किए जाने के तीस (30) कैलेंडर दिनों के भीतर शिकायत का समाधान नहीं हो जाता, तो सीआईसी द्वारा शिकायतकर्ता को क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाएगा, यद्यपि सीआई ने शिकायतकर्ता अथवा सीआई द्वारा सूचित किए जाने के इक्कीस (21) कैलेंडर दिनों के भीतर सीआईसी को अद्यतन क्रेडिट की सूचना प्रदान की गई हो।

(4) शिकायतकर्ता को सीआई/सीआईसी द्वारा सभी मामलों में शिकायतकर्ता की शिकायत पर की गई कार्रवाई के बारे में सूचित किया जाएगा, जिसमें वह मामले भी शामिल हैं जिसमें शिकायत अस्वीकृत कर दी गई है। अस्वीकृति के मामलों में, इसके कारण भी सीआई और सीआईसी द्वारा दिए जाएंगे।

(5) सीआईसी / सीआई द्वारा शिकायतकर्ता को प्रदान की जानेवाली क्षतिपूर्ति (शिकायत दर्ज करने के तीस (30) कैलेंडर दिनों से अधिक के विलंबित समाधान के लिए) संबंधित सीआई/सीआईसी के बीच आनुपातिक रूप से विभाजित किया जाएगा। इनके सोदाहरण अनुबंध XIII में दिए गए हैं।

(6) जहां व्यथा/शिकायत में एक से अधिक सीआई द्वारा प्रदान की गई त्रुटिपूर्ण क्रेडिट की जानकारी शामिल है तो शिकायतकर्ता द्वारा संबंधित सीआईसी में शिकायत दर्ज की जाएगी। सीआईसी द्वारा सभी संबंधित सीआई के साथ समन्वय किया जाएगा और शिकायतकर्ता को शिकायत का व्यापक समाधान प्रेषित किया जाएगा।

(7) जहां सीआईसी द्वारा शिकायत प्राप्त और उसे दर्ज किया गया है और शिकायत के समाधान में विलंब हुआ है, तो सीआईसी द्वारा अंतिम समाधान के बाद संबंधित सीआई और शिकायतकर्ता को कुल विलंब (कैलेंडर दिनों में) और सीआई (एस) और/अथवा सीआईसी द्वारा भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति की राशि के बारे में सूचित किया जाएगा।

(8) जहां सीआई द्वारा शिकायत प्राप्त और उसे दर्ज किया गया है और शिकायत के समाधान में विलंब हुआ है, तो सीआई द्वारा अंतिम समाधान के बाद संबंधित सीआईसी(एस) और शिकायतकर्ता को कुल विलंब (कैलेंडर दिनों में) और सीआई और/अथवा सीआईसी द्वारा भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति की राशि के बारे में सूचित किया जाएगा।

(9) शिकायत के समाधान की तारीख वह तारीख होगी जब सीआईसी अथवा सीआई की ओर से शिकायतकर्ता द्वारा प्रदान किए गए डाक पते अथवा ईमेल आईडी पर संशोधित सीआईआर भेजा गया है।

(10) सीआईसी / सीआई द्वारा शिकायतकर्ता के क्षतिपूर्ति की राशि के लिए अपनी शिकायत जमा करने के प्रारूप (ऑनलाइन और ऑफ़लाइन दोनों) में संपर्क विवरण, ईमेल आईडी और बैंक खाता विवरण/एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) आईडी का उचित प्रावधान किया जाए। सटीक विवरण प्रदान करने की जिम्मेदारी शिकायतकर्ता की होगी और शिकायतकर्ता द्वारा प्रदान की गई किसी भी त्रुटिपूर्ण जानकारी के लिए सीआई/सीआईसी जिम्मेदार नहीं होगा।

(11) शिकायत के समाधान के पांच (5) कार्य दिवसों के भीतर क्षतिपूर्ति की राशि शिकायतकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

(12) सीआई या सीआईसी द्वारा क्षतिपूर्ति के दोषपूर्ण अस्वीकार करने के मामले में शिकायतकर्ता रिजर्व बैंक-एकीकृत ओम्बड्समैन योजना, 2021 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक के ओम्बड्समैन से संपर्क कर सकता है।

(13) सीआई द्वारा क्षतिपूर्ति को दोषपूर्ण तरीके से अस्वीकार किए जाने, जिसे अभी तक रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है, के मामले में शिकायतकर्ता भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ) में उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण कक्ष (सीईपीसी) से संपर्क कर सकता है।

(14) क्षतिपूर्ति ढांचा निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होगा।:

(ए) जिन विवादों के लिए सीआईसीआरए, 2005 की धारा 18 के तहत उपाय प्रदान किया गया है। सीआईसीआरए, 2005 की धारा 18 में प्रावधान है कि क्रेडिट सूचना के व्यवसाय से संबंधित मामलों में सीआईसी, सीआई, उधारकर्ताओं और ग्राहकों के बीच उत्पन्न होने वाले विवादों के लिए और जिनके लिए सीआईसीआरए, 2005 के तहत कोई उपाय प्रदान नहीं किया गया है, ऐसे विवादों का निपटारा मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 में किए गए उल्लेख के अनुसार विवाचन अथवा समझौते द्वारा किया जाएगा।

(बी) (i) आंतरिक प्रशासन, (ii) मानव संसाधन, (iii) कर्मचारियों के वेतन एवं परिलब्धियां और (iv) सीआईसी/सीआई के सुझावों और वाणिज्यिक निर्णयों की प्रकृति से संबंधित शिकायतें/संदर्भ।

## अनुबंध - VII: लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने के बाद ऋण सूचना रिपोर्टिंग तंत्र के प्रावधान

1. सभी सीआई, जिनके लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रद्द कर दिया गया है, उन्हें सीआईसीआरए की धारा 2(एफ)(vii) के तहत "ऋण संस्थाओं" के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

2. यह सीआई ऑन-बोर्ड उधारकर्ताओं की ऋण सूचना को रिपोर्ट करना जारी रखेंगी और सीआईसी को उनके लाइसेंस या सीओआर को रद्द करने से पहले सभी चार सीआईसी को तब तक रिपोर्ट करेंगी जब तक कि ऋण का जीवन चक्र पूरा नहीं हो जाता है या क्रेडिट संस्था बंद नहीं हो जाती है, जो भी पहले हो।

3. इन सीआई के पास केवल उन उधारकर्ताओं की ऋण सूचना रिपोर्ट का एक्सेस होगा, जिन्हें उनके लाइसेंस/सीओआर के रद्द होने से पहले ऑन-बोर्ड किया गया था और सीआईसी को रिपोर्ट किया गया था।

4. सीआईसी इन सीआई से वार्षिक और सदस्यता शुल्क नहीं लेंगी।

5. सीआईसी इन सीआई को सीआईआर में "लाइसेंस रद्द की गई इकाइयों" के रूप में टैग करेंगी। सीआईसी यह टैगिंग भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी अथवा आरबीआई से प्राप्त लाइसेंस रद्द करने के आदेश के आधार पर करेंगी।

6. यह अनुदेश उन इकाइयों पर भी लागू होंगे जिनके लाइसेंस/सीओआर को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इन अनुदेशों के जारी होने से पहले रद्द कर दिया गया है[25]।

7. सीआई द्वारा सीआईसी को ऋण सूचना रिपोर्टिंग के संबंध में अन्य सभी अनुदेश अपरिवर्तित रहेंगे।

[25] दिनांक 10 अक्तूबर 2024 के परिपत्र संख्या विवि.एफ़आईएन.आरईसी.47/20.16.042/2024-25

## अनुबंध – VIII: उपभोक्ता डेटा गुणवत्ता सूचकांक

| ए. जनसांख्यिकी | | |
|---|---|---|
| **विशेषता(एट्रिब्यूट)** | **मापन मानदंड** | **भारांक** |
| नाम | उपलब्धता जो सभी शर्तों को पूरा करती हो: | 20 |
| | ए) न्यूनतम 2 टोकन | |
| | बी) न्यूनतम 2 अक्षरों वाला 1 टोकन | |
| | सी) कोई अंक मौजूद नहीं है | |
| जन्म तिथि | उपलब्धता जो सभी शर्तों को पूरा करती हो: | 20 |
| | ए) ddmmyyyy का सही प्रारूप | |
| | बी) दिनांक 1 जनवरी 1998 से पहले की होनी चाहिए | |
| | सी) दिनांक 1 जनवरी 1928 के बाद की होनी चाहिए | |
| अभिज्ञापक: पीएएन/ मतदाता पहचान पत्र / यूआईडी | किसी एक अभिज्ञापक की उपलब्धता जो सभी संबंधित शर्तों को पूरा करती हो : | 20 |
| | पीएएन: | |
| | ए) लंबाई 10 वर्णों की होनी चाहिए | |
| | बी) प्रथम 5 और अंतिम वर्ण अक्षर होने चाहिए | |
| | सी) चौथा वर्ण या तो पी या एच होना चाहिए | |
| | डी) 6 वें से 9 वें वर्ण अंक होने चाहिए | |
| | मतदाता पहचान पत्र: | |
| | ए) लंबाई 10 से 14 वर्णों के बीच होनी चाहिए | |
| | बी) पहले 2 अंक अक्षर होने चाहिए | |
| | यूआईडी: | |
| | ए) लंबाई 12 वर्णों की होनी चाहिए | |
| | बी) सभी अंकीय होने चाहिए | |
| पिन कोड | उपलब्धता जो सभी शर्तों को पूरा करती हो: | 20 |
| | ए) लंबाई 6 अंकीय होनी चाहिए | |
| | बी) समान संख्या (0 से 9) के सभी अंकों के मामलों को शामिल न करें | |
| | सी) 123456 को शामिल न करें | |
| | डी) उन मामलों को शामिल न करें, जहां अंतिम 3 अंक शून्य हैं | |
| फ़ोन | उपलब्धता जो सभी शर्तों को पूरा करती हो: | 20 |
| | ए) न्यूनतम 5 अंकों की लंबाई होनी चाहिए | |
| | | |

| बी. व्यापार डेटा | | |
|---|---|---|
| **विशेषता(एट्रिब्यूट)** | **मापन मानदंड** | **भारांक** |
| डीपीडी/ आस्ति वर्गीकरण | उपलब्धता जो सभी शर्तों को पूरा करती हो: | 20 |
| | ए) या तो डीपीडी या आस्ति वर्गीकरण की रिपोर्ट की जानी है; रिक्त नहीं हो सकती | |
| | बी) डीपीडी, यदि रिपोर्ट की जाती है, तो अंक खंड(फील्ड) होनी चाहिए<br>सी) आस्ति वर्गीकरण, यदि रिपोर्ट किया जाता है, तो 01 (मानक), 02 (अवमानक), 03 (संदिग्ध), 04 (हानि), 05 (विशेष उल्लेख) होना चाहिए | |
| उच्च ऋण / संस्वीकृत राशि | उपलब्धता | 20 |
| खुलने की तिथि | ddmmyyyy के सही प्रारूप में उपलब्धता | 20 |
| शेष राशि | उपलब्धता; यदि कोई शेष राशि नहीं है तो इसे 0 के रूप में रिपोर्ट किया जाना चाहिए | 20 |
| खाता प्रकार (1-अन्य का %) | उपलब्धता; 'अन्य' की न्यूनतम रिपोर्टिंग | 20 |

## अनुबंध – IX: वाणिज्यिक डेटा गुणवत्ता सूचकांक

| क्र. सं. | माप दंड | कुल भारांक | विशेषता (एट्रिब्यूट) | मापन मानदंड | वैयक्तिक विशेषता (एट्रिब्यूट) भारांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पता | 15 | पता | न्यूनतम लंबाई 5 (वर्णमाला/वर्णों के अक्षरों की कुल संख्या) और जंक की अनुमति नहीं है ['Same as above', 'null', '#NA', 'zzzzz', 'none', 'abcde', only जैसे शब्द, केवल विशेष वर्ण (जैसे $, * आदि) की अनुमति नहीं है] | 3 |
| | | | शहर | भारत का वैध शहर/कस्बा/जिला* | 3 |
| | | | पिन कोड | राज्य के लिए लागू वैध 6 अंकों का पोस्ट कोड | 3 |
| | | | राज्य | डेटा सबमिशन गाइड के अनुसार राज्य कोड | 3 |
| | | | दूरभाष | एसटीडी कोड के साथ वैध फोन या मोबाइल नंबर | 3 |
| 2 | उधारकर्ता | 20 | कारोबार श्रेणी | 07 (अन्य) को छोड़कर डेटा सबमिशन गाइड में कैटलॉग मान | 2 |
| | | | सीआईएन / पीएएन / टीआईएन / सेवा कर | कम से कम 1 वैध अभिज्ञापक, एमसीए / एनएसडीएल अनुमोदित प्रारूप के अनुसार पीएएन प्रारूप जांच / टीआईएन / सेवा कर संख्या | 10 |
| | | | गतिविधि का वर्ग | बीएसआर की आरबीआई पुस्तिका के अनुसार गतिविधि/व्यवसाय का वर्ग | 2 |
| | | | उद्योग प्रकार | 11 (अन्य) को छोड़कर डेटा सबमिशन गाइड के अनुसार वैध कारोबार/उद्योग प्रकार | 2 |
| | | | कानूनी गठन | डेटा सबमिशन गाइड के अनुसार सटीक मैपिंग | 4 |
| 3 | संबंध | 20 अथवा 30 (यदि गारंटीकर्ता खंड की जानकारी रिपोर्ट नहीं की गई है | पता | न्यूनतम लंबाई 5 (वर्णमाला/वर्णों के अक्षरों की कुल संख्या) और जंक की अनुमति नहीं है ['Same as above', 'null', '#NA', 'zzzzz', 'none', 'abcde', only जैसे शब्द, केवल विशेष वर्ण (जैसे $, * आदि) की अनुमति नहीं है] | 2 अथवा 3 (3 यदि गारंटीकर्ता खंड की जानकारी रिपोर्ट नहीं की गई है) |
| | | | शहर | भारत का वैध शहर/कस्बा/जिला | 2 या 3 (3 यदि गारंटीकर्ता खंड की जानकारी रिपोर्ट नहीं की गई है) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पीएएन/सीआईएन/ पासपोर्ट /डीआईएन | वैध पीएएन / सीआईएन / पासपोर्ट / निदेशक पहचान संख्या | 5 |
| | | | पिन कोड | राज्य के लिए लागू वैध 6 अंकों का पोस्ट कोड | 2 अथवा 3 (3 यदि गारंटीकर्ता खंड की जानकारी रिपोर्ट नहीं की गई है) |
| | | | राज्य | डेटा सबमिशन गाइड के अनुसार राज्य कोड | 2 अथवा 3 (3 यदि गारंटीकर्ता खंड की जानकारी रिपोर्ट नहीं की गई है) |
| | | | संबंध + संबंधित प्रकार | संबंधित पक्ष की अनिवार्य रिपोर्टिंग पर आरबीआई के 14 अक्तूबर 2021 के परिपत्र के अनुरूप गुणवत्ता का प्रदर्शन किया जाना है। सांविधिक संविधान के संदर्भ में 60 (अन्य) को छोड़कर वैध कैटलॉग मूल्य; सभी संबंधित पक्षों का उधारकर्ता के साथ संबंध है। यह संबंध मूल्य उधारकर्ता के सांविधिक संविधान पर आधारित है। उदाहरण के लिए: विधिक संविधान 11 (प्राइवेट लिमिटेड) के लिए, आरएस खंडों में अनुमत संबंध मूल्य 10 - शेयरधारक, 11- होल्डिंग कंपनी, 12 – अनुषंगी कंपनी, 51- प्रमोटर निदेशक, 52 - नामित निदेशक, 53- स्वतंत्र निदेशक, 54- इस्तीफा देने वाले निदेशक, 56- अन्य निदेशक हैं। संबंध प्रकार डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन डेटा प्रस्तुति गाइड के अनुसार किया जाएगा | 5 या 10 (यदि गारंटर सेगमेंट की जानकारी रिपोर्ट नहीं की गई है तो 10) |
| | | | टेलीफ़ोन | एसटीडी कोड या मोबाइल नंबर वाला वैध फ़ोन | 2 या 3 (यदि गारंटर सेगमेंट की जानकारी रिपोर्ट नहीं की गई है तो 3) |
| 4 | गारंटर | 10 (यदि सदस्य | पता | न्यूनतम लंबाई 5 (वर्णमाला/अक्षरों की कुल संख्या) और जंक की अनुमति नहीं है ['ऊपर के समान', 'null', '#NA', 'zzzzz', 'none', | 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कम से कम 1 ट्रेड के लिए गारंटर की रिपोर्ट नहीं कर रहा है, तो जीएस सेगमेंट वेटेज 0 होगा। रिलेशनशिप सेगमेंट में 10% वेटेज जोड़ा जाएगा) | | 'abcde' जैसे शब्द, केवल विशेष वर्ण (जैसे $, * आदि) की अनुमति नहीं है] | |
| | | | शहर | भारत का वैध शहर/कस्बा/जिला | 2 |
| | | | पैन/सीआईएन/पासपोर्ट/डीआईएन | वैध पैन / सीआईएन / पासपोर्ट / निदेशक पहचान संख्या | 3 |
| | | | पिन कोड + राज्य कोड | दिए गए राज्य कोड के लिए वैध 6 अंकों का पोस्ट कोड लागू है। दोनों ही वैध होने चाहिए | 2 |
| 5 | क्रेडिट सुविधा | 35 | क्रेडिट प्रकार | डेटा सबमिशन गाइड के अनुसार वैध क्रेडिट प्रकार (9999 को छोड़कर) (अन्य) | 8 |
| | | | आस्ति वर्गीकरण /डीपीडी | सभी आस्ति वर्गों की सटीक रिपोर्टिंग (एसएमए 0,1,2; संदिग्ध-1,2,3) या वैध डीपीडी रिपोर्टिंग | 8 या 11 (11 उन संस्थाओं के लिए जिन पर इरादतन चूककर्ता मौजूदा अनुदेश लागू नहीं होते हैं) |
| | | | सुविधा / ऋण सक्रियण / स्वीकृति तिथि | वैध दिनांक (DDMMYYYY) + गुणवत्ता के लिए रिपोर्टिंग दिनांक के साथ लागू क्रॉस सत्यापन | 3 |
| | | | मुकदमा दायर | मुकदमा दायर संबंधित डेटा रिपोर्टिंग | 3 |
| | | | इरादतन चूक | डेटा सबमिशन गाइड के अनुसार इरादतन चूक की रिपोर्टिंग | 3 या 0 (0 उन संस्थाओं के लिए जिन पर इरादतन चूककर्ता |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | संबंधी मौजूदा निर्देश लागू नहीं होते हैं) |
| | | | खाता स्थिति | डेटा सबमिशन गाइड के अनुसार खाते की स्थिति की रिपोर्टिंग | 10 |
| **कुल स्कोर** | | | | | **100** |

* नोट: सीआईसी को 'शहर' विशेषता के लिए निम्नलिखित सत्यापन दृष्टिकोण अपनाना होगा:

(i) लंबाई जांच न्यूनतम 3 और अधिकतम 40, विशेष वर्ण और अल्फ़ान्यूमेरिक मान अनुमत हैं।

(ii) सीआई द्वारा रिपोर्ट किए गए ऐतिहासिक डेटा के आधार पर सभी सीआईसी द्वारा बनाए गए जंक मूल्यों के विरुद्ध शहर का नाम मान्य करें। ऐसी सूची सभी सीआई के बीच भी प्रसारित की जा सकती है ताकि वे ऐसे जंक मूल्यों से अवगत हो सकें जो डीक्यूआई स्कोर में कमी का कारण बन सकते हैं।

## अनुबंध – X: लघु वित्त डेटा गुणवत्ता सूचकांक

| श्रेणी | सत्यापन | अंक |
|---|---|---|
| *जनसांख्यिकीय मापदंड* | | |
| नाम | **उपलब्धता जो सभी शर्तों को पूरा करती है:**<br>ए) न्यूनतम 2 टोकन<br>बी) वर्णमाला के न्यूनतम 2 अक्षरों के साथ 1 टोकन<br>सी) कोई अंक मौजूद नहीं है | **10** |
| जन्मतिथि /आयु | **उपलब्धता जो सभी शर्तों को पूरा करती है:**<br>ए) यदि डीओबी साझा किया गया है तो दिनांक प्रारूप DDMMYYYY होना चाहिए;<br><br>बी) यदि आयु प्रदान की जाती है तो इसे शून्य को छोड़कर संख्यात्मक मान होना चाहिए | **7** |
| पहचानकर्ता: मतदाता पहचान पत्र (वीआईडी)/पैन/सीकेवाईसी | **किसी भी एक पहचानकर्ता की उपलब्धता जो सभी संबंधित शर्तों को पूरा करती है:**<br>पैन:<br>ए) लंबाई में 10 होना चाहिए<br>बी) पहला 5 और अंतिम वर्ण वर्ण होना चाहिए<br>सी) चौथा अक्षर या तो P या H होना चाहिए<br>डी) 6 वें से 9 वें वर्ण अंक होने चाहिए<br>मतदाता पहचान पत्र:<br>ए) सीआईसी द्वारा विशेष वर्णों को हटाने के बाद लंबाई में 8 - 16 के बीच होना चाहिए<br>बी) पहले 2/3 अंक वर्णमाला होने चाहिए<br>सीकेवाईसी:<br>ए) लंबाई में 14 होना चाहिए<br>बी) सभी संख्यात्मक होना चाहिए | **8** |
| फोन नंबर | **सभी शर्तों को पूरा करने वाले मोबाइल नंबर की उपलब्धता:**<br>ए) कम से कम 10 अंकों की लंबाई होनी चाहिए<br>बी) पहला अंक 6, 7, 8 और 9 से शुरू होना चाहिए।<br>सी) मोबाइल नंबर सीधा अवरोही/उर्ध्वाधर अनुक्रम (जैसे, 8765432/2345678) या समान अंक (जैसे, 2222222) की अनुमति नहीं है। | **7** |

| | | |
|---|---|---|
| पता | **उधारकर्ता का कम से कम एक पता सभी नीचे दिए गए शर्तों को पूरा करना चाहिए।:**<br>पता पंक्ति:<br>ए) न्यूनतम लंबाई 5 अक्षर होनी चाहिए<br>राज्य कोड:<br>ए) सूची मूल्य के अनुसार प्रस्तुतिकरण<br>पिन कोड:<br>ए) लंबाई में 6 अंक होने चाहिए<br>बी) सभी समान संख्या (0 से 9) के अंकों के मामलों को बाहर करें।<br>सी) क्रम को बाहर करें (जैसे, 123456, 456789)<br>डी) उन मामलों को बाहर करें जहां अंतिम 3 अंक संख्या 'शून्य' हैं। | **8** |
| कुल मासिक पारिवारिक आय | दिनांक 01 अप्रैल 2022 या उसके बाद खोले गए सभी खातों के लिए उपलब्धता, आरबीआई द्वारा दिनांक 14 मार्च 2022 को जारी और समय-समय पर संशोधित की गई लघुवित्त ऋण निदेश, 2022 की मास्टर निदेश के अनुसार, शून्य को छोड़कर संख्यात्मक मान, अधिकतम सीमा 25,000 रुपये/= के रूप में | **5** |
| मुख्य व्यक्ति का नाम और संबंध | कम से कम 1 प्रमुख व्यक्ति और संबंध | **5** |
| **व्यापार मापदंड** | | |
| ऋण श्रेणी | सूची मानों के अनुसार प्रस्तुतिकरण | **5** |
| संवितरण/जारी करने की तारीख | DDMMYYYY में उपलब्धता और भविष्य की तारीख नहीं हो सकती है | **5** |
| कुल संवितरित राशि | शून्य को छोड़कर संख्यात्मक मूल्य की उपलब्धता और आरबीआई द्वारा जारी और समय-समय पर संशोधित दिनांक 14 मार्च 2022 को लघुवित्त ऋण निदेश 2022 के लिए विनियामकीय ढांचे पर मास्टर निदेश के अनुपालन में | **5** |
| न्यूनतम देय राशि/किस्त राशि | दिनांक 01 अप्रैल 2022 को या उसके बाद खोले गए सभी खातों के लिए उपलब्धता, शून्य को छोड़कर संख्यात्मक मान, अधिकतम सीमा रु. 12500/= है, जो कि दिनांक 14 मार्च 2022 को आरबीआई द्वारा जारी और समय-समय पर संशोधित लघुवित्त ऋण निदेश, 2022 के लिए | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | विनियामकीय ढांचे पर मास्टर निदेश के अनुसार है। | |
| वर्तमान शेष राशि | संख्यात्मक मान और यदि कोई शेष राशि नहीं है, तो इसे संख्यात्मक 'शून्य' के रूप में रिपोर्ट किया जा सकता है | **5** |
| पुनर्भुगतान आवृत्ति | "अन्य" को छोड़कर सूची मूल्यों के अनुसार प्रस्तुति | **5** |
| खाते की स्थिति | सूची मूल्यों के अनुसार प्रस्तुति | **5** |
| डीपीडी (देय तिथि से अधिक दिन) | सूची मूल्यों के अनुसार प्रस्तुति | **5** |
| किस्तों की संख्या | शून्य को छोड़कर संख्यात्मक मान | **2** |
| **<u>खाता स्तर पर डेटा विवाद</u>**<br><u>जाँचे जाने वाले मापदंड</u><br><br>ए) खाते में बकाया राशि है > 0 लेकिन डीपीडी = 0 या रिक्त<br>बी) खाते में अतिदेय राशि = 0 लेकिन डीपीडी > 0 या रिक्त है<br>सी) खाते की स्थिति बकाया और DPD = 0 या बकाया राशि = 0<br>डी) खाता स्थिति सक्रिय और वर्तमान शेष राशि = 0 या रिक्त<br>ई) खाता स्थिति बंद और (वर्तमान शेष राशि > 0 या DPD > 0 या बकाया राशि > 0)<br>एफ) वर्तमान शेष राशि / वितरित राशि / अतिदेय राशि / न्यूनतम देय राशि ऋणात्मक है<br>जी) खाते की स्थिति बंद है, तथा बंद होने की तिथि अमान्य या रिक्त है<br>एच) बंद होने की तारीख बताई गई है, और खाते की स्थिति {एस06-बट्टे खाते में डाला गया, एस07-खाता बंद, एस09-पुनर्गठित और बंद, एस10-निपटारा, एस11-बट्टे खाते में डाला गया निपटारा, एस12-बट्टे खाते में डाला गया और बंद किया गया} के अलावा अन्य है<br><br>आई) खाते की स्थिति एस06- बट्टे खाते में डाला गया, एस11- बट्टे खाते में डालने के बाद निपटारा, एस12- बट्टे खाते में डाला | यदि ऋण के लिए इस श्रेणी में सत्यापनों की सूची में से एक भी सत्यापन पूरा नहीं होता है, तो विशिष्ट ऋण के लिए स्कोर “0” माना जाएगा। इसका अर्थ यह है कि सभी ऋणों का मूल्यांकन इस श्रेणी के सभी सत्यापन नियमों के आधार पर किया जाना चाहिए तथा उन विशिष्ट ऋणों के लिए एक भी नियम का अनुपालन न करने पर उस विशिष्ट ऋण के लिए स्कोर की हानि होगी। | **8** |

| | | |
|---|---|---|
| गया और बंद किया गया और बट्टे खाते में डाली गई राशि / बट्टे खाते में डालने की तिथि प्रदान नहीं की गई है | | |
| **कुल स्कोर** | | **100** |

## अनुबंध – XI: सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतित आस्तियों की जानकारी

| क्र. सं | शाखा का नाम | राज्य | उधार कर्ता का नाम | गारंटर का नाम (जहां भी लागू हो) | उधार कर्ता का पंजीकृत पता | गारंटर का पंजीकृत पता (जहां लागू हो) | बकाया राशि (₹ में) | आस्ति वर्गीकरण | आस्ति वर्गीकरण की तिथि | प्रतिभूति का विवरण | प्रतिभूति के शीर्षक धारक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |

## अनुबंध – XII: सीआईसी द्वारा प्रकटीकरण

### वस्तु 1: एकसमान क्रेडिट रिपोर्टिंग प्रारूप में संशोधन

**(ए)** वाणिज्यिक ब्यूरो रिपोर्टिंग प्रारूप में 'फैक्स नंबर' क्षेत्र का नामकरण बदलकर 'ईमेल आईडी' कर दिया जाएगा।

**(बी)** एमएफआई ब्यूरो रिपोर्टिंग प्रारूप के अंतर्गत 'डमी' क्षेत्र का नामकरण बदलकर 'ईमेल आईडी' कर दिया जाएगा।

**(सी)** उक्त क्षेत्रों को 'जब उपलब्ध हो' के रूप में वर्गीकृत किया जाना जारी रहेगा।

### तालिका 1: 31 मार्च ___ को समाप्त वर्ष के दौरान सीआईसी के पास पंजीकृत शिकायतें

| वित्तीय वर्ष | साख सूचना कंपनी(सीआई सी) द्वारा प्राप्त शिकायतों की कुल संख्या<br><br>ए = बी+डी | विनियमित संस्थाओं (आरई) स्तर पर मुद्दों से संबंधित शिकायतें | | Complaints pertaining to issues at CIC end | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त शिकायतों की कुल संख्या (बी) | टीएटी के अंतर्गत अनसुलझे शिकायतों की संख्या (सी) | Total Number of complaints received (डी) | Number of complaints unresolved within TAT (ई) |
| | | | | | |

*एन.बी.– यह अनुदेश विनियामक अनुदेश जारी होने की तारीख से भावी रूप से लागू होंगे। पिछले वित्तीय वर्ष का डेटा सीआईसी द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। सीआईसी ऊपर प्रदर्शित अवधि से पहले पिछले दो (2) वित्तीय वर्षों का विंटेज डेटा प्रदान करने के लिए एक डाउनलोड लिंक/विकल्प प्रदान करेगा।*

### तालिका 2: दिनांक 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के दौरान सीआईसी के पास सीआइएस के विरुद्ध दर्ज शिकायतें ____

| क्र. सं. | सीआई का नाम<br><br>(ए) | वर्ष के दौरान सी.आई. द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों की संख्या (बी) | वर्ष के दौरान सी.आई. के विरुद्ध दर्ज शिकायतों की कुल संख्या (सी) | सी.आई. द्वारा प्रस्तुत कुल अभिलेखों के प्रतिशत के रूप में शिकायतें (डी) [सी का प्रतिशत बी के रूप में] | संदर्भ तिथि तक सीआई द्वारा टीएटी के अंतर्गत अनसुलझे शिकायतों की संख्या (ई) | सी.आई. के विरुद्ध पंजीकृत कुल शिकायतों के प्रतिशत के रूप में टी.ए.टी. के अंतर्गत अनसुलझे शिकायतें (एफ) [सी का % के रूप में ई] |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीआई-1 | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | सीआई - 2 | | | | | |
| 3 | …… | | | | | |

*एन.बी.– यह अनुदेश विनियामकीय निदेश जारी होने की तारीख से भावी रूप से लागू होंगे। पिछले वित्तीय वर्ष का डेटा सीआईसी द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। सीआईसी को ऊपर प्रदर्शित अवधि से पहले पिछले दो (2) वित्तीय वर्षों के लिए सभी सीआई से संबंधित विंटेज डेटा प्रदान करने के लिए एक डाउनलोड लिंक / विकल्प प्रदान करना होगा।*

**सीआईसी उपयोगकर्ता को निम्नलिखित के आधार पर शीर्ष दस सीआई चुनने का विकल्प प्रदान करेंगे: (i) प्राप्त शिकायतों की कुल संख्या; (ii) सी.आई. द्वारा प्रस्तुत कुल रिकार्ड के प्रतिशत के रूप में पंजीकृत शिकायतें; तथा (iii) सीआईसीआरए, 2005 के अनुसार निर्धारित टीएटी के अंतर्गत संबंधित सी.आई. के विरुद्ध पंजीकृत कुल शिकायतों के प्रतिशत के रूप में अनसुलझी शिकायतें।**

## अनुबंध – XIII: मुआवज़ा राशि के बंटवारे के लिए उदाहरण

a. **शिकायतकर्ता द्वारा सीआईसी में दर्ज की गई शिकायतें**

सीआई के पास अधिकतम 21 दिन का समय होता है और सीआईसी के पास शेष अवधि होती है, शिकायत प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों की समग्र समयावधि के भीतर उसका समाधान किया जाना चाहिए। सीआईसी/सीआई द्वारा देय मुआवजे की गणना विभिन्न परिदृश्यों के तहत की जाएगी जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

**स्थिति 1**

- दिनांक 1 जनवरी 2022 को सीआईसी में शिकायत दर्ज की गई
- सीआईसी दिनांक 12 जनवरी 2022 को सीआई (उदाहरण के लिए बैंक ए) से पुष्टि चाहता है।
- बैंक ए दिनांक 2 फरवरी 2022 को सीआईसी को पुष्टि प्रदान करता है (21वां दिन 2 फरवरी 2022 होगा) - बैंक ए द्वारा कोई देरी नहीं की जाएगी।
- सीआईसी दिनांक 3 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को समाधान करके संशोधित सीआईआर प्रदान करती है
- 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में 31 जनवरी, 2022 तक) से 3 दिन की देरी के लिए सीआईसी द्वारा शिकायतकर्ता को ₹300 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

**स्थिति 2**

- दिनांक 1 जनवरी 2022 को सीआईसी में शिकायत दर्ज की गई
- सीआईसी ने 5 जनवरी 2022 को बैंक ए से पुष्टि मांगी है
- बैंक ए दिनांक 26 जनवरी 2022 को (अर्थात 21 दिनों के भीतर) सीआईसी को पुष्टि प्रदान करता है - बैंक ए द्वारा कोई देरी नहीं की जाती है।
- सीआईसी दिनांक 3 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को समाधान करके संशोधित सीआईआर प्रदान करती है
- 30 दिनों की अनुमेय अवधि (अर्थात इस मामले में 31 जनवरी, 2022 तक) से 3 दिन की देरी के लिए सीआईसी द्वारा शिकायतकर्ता को ₹300 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

**स्थिति 3**

- दिनांक 1 जनवरी 2022 को सीआईसी में शिकायत दर्ज की गई
- सीआईसी ने दिनांक 5 जनवरी 2022 को बैंक ए से पुष्टि मांगी है
- बैंक ए दिनांक 28 जनवरी 2022 को सीआईसी को पुष्टि प्रदान करता है (21वां दिन 26 जनवरी 2022 होगा) - बैंक ए द्वारा 2 दिन की देरी।
- यदि सीआईसी 2 फरवरी, 2022 को शिकायतकर्ता को समस्या का समाधान कर संशोधित सीआईआर उपलब्ध कराती है- बैंक ए द्वारा शिकायतकर्ता को 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक) से 2 दिन की देरी के लिए ₹200 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।
- यदि सीआईसी दिनांक 3 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को समस्या का समाधान कर संशोधित सीआईआर उपलब्ध कराती है– 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि से 3 दिन अधिक की देरी के लिए शिकायतकर्ता को कुल ₹300 [बैंक ए द्वारा ₹200 और सीआईसी द्वारा ₹100] का मुआवजा प्रदान किया जाएगा (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक)।

**स्थिति 4**

- दिनांक 1 जनवरी 2022 को सीआईसी में शिकायत दर्ज की गई
- सीआईसी ने 5 जनवरी 2022 को बैंक ए, बैंक बी, बैंक सी, बैंक डी, बैंक ई से पुष्टि मांगी है - यानी सीआईसी ने पुष्टि प्राप्त करने के लिए 4 दिन का समय लिया है।
- बैंक ए, बी, सी, डी और ई के लिए – (21वां दिन 26 जनवरी 2022 होगा)
- यदि बैंक ए दिनांक 26 जनवरी 2022 को सीआईसी को पुष्टि प्रदान करता है – देरी नहीं
- यदि बैंक बी दिनांक 31 जनवरी 2022 को सीआईसी को पुष्टि प्रदान करता है– 5 दिन की देरी
- यदि बैंक सी दिनांक 2 फरवरी 2022 को सीआईसी को पुष्टि प्रदान करता है – 7 दिन की देरी
- यदि बैंक डी दिनांक 4 फरवरी 2022 को सीआईसी को पुष्टि प्रदान करता है – 9 दिन की देरी
- यदि बैंक ई दिनांक 6 फरवरी 2022 को CIC को पुष्टि प्रदान करता है – 11 दिन की देरी

**32 दि**

- इसलिए, शिकायत के समाधान में कुल देरी निम्नानुसार है:
- यदि सीआईसी दिनांक 6 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को समस्या का समाधान कर संशोधित सीआईआर उपलब्ध कराती है– 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में 31 जनवरी,

2022 तक) से 6 दिनों की देरी के लिए, भारित औसत के आधार पर, शिकायतकर्ता को कुल ₹600 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा:

**स्पष्टीकरण:** छह दिनों की देरी को सीआई/सीआईसी द्वारा प्रत्येक सीआई/सीआईसी द्वारा की गई देरी की सीमा के भारित औसत पर विभाजित किया जाएगा। उक्त मामले में कुल विलंब 6 दिन का है और इसलिए शिकायतकर्ता कुल ₹600 मुआवजे का हकदार होगा। इसे सभी चूककर्ता बैंकों (इस मामले में बैंक बी, सी, डी और ई) के बीच विभाजित किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर, सभी चूककर्ता बैंकों की देरी कुल मिलाकर 32 दिन (5+7+9+11 दिन) है। इसलिए, इस मामले में 32 दिनों की समग्र देरी के संबंध में प्रत्येक सी.आई. द्वारा की गई देरी के भारित औसत पर ₹600 की मुआवजा राशि का विभाजन किया जाएगा।

- बैंक ए = कोई मुआवजा नहीं
- बैंक बी = (5*600)/32 = ₹93.75
- बैंक सी = (7*600)/32 = ₹131.25
- बैंक डी = (9*600)/32 = ₹168.75
- बैंक ई = (11*600)/32 = ₹206.25
- सीआईसी = कोई मुआवजा नहीं

- यदि सीआईसी दिनांक 11 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को सुधारा हुआ सीआईआर प्रदान करता है, तो सीआईसी द्वारा लिया गया कुल समय 9 दिन (यानी 4+ 5 दिन) होगा। 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक) से 11 दिनों की देरी के लिए, भारित औसत के आधार पर, शिकायतकर्ता को कुल ₹1100 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा:

  - बैंक ए = कोई मुआवजा नहीं
  - बैंक बी = (5*1100)/32 = ₹171.88
  - बैंक सी = (7*1100)/32 = ₹240.62
  - बैंक डी = (9*1100)/32 = ₹309.38
  - बैंक ई = (11*1100)/32 = ₹378.12
  - सीआईसी = कोई मुआवजा नहीं (क्योंकि सीआईसी ने कुल 9 दिन का समय लिया है)

- यदि सीआईसी दिनांक 15 फरवरी 2022 तक शिकायतकर्ता को समस्या का समाधान कर संशोधित सीआईआर उपलब्ध कराती है। सीआईसी ने अंतिम संशोधित सीआईआर उपलब्ध कराने में 13

दिन (अर्थात 4 दिन + 9 दिन) का समय लिया है। 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि से 15 दिनों की देरी के लिए, शिकायतकर्ता को भारित औसत के आधार पर कुल ₹1500 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा (अर्थात इस मामले में 31 जनवरी, 2022 तक):

- बैंक ए = कोई मुआवजा नहीं
- बैंक बी = (5*1500)/36 = ₹208.34
- बैंक सी = (7*1500)/36 = ₹291.66
- बैंक डी = (9*1500)/36 = ₹375.00
- बैंक ई = (11*1500)/36 = ₹458.34
- सीआईसी = (4*1500)/36 = ₹166.66

**32 + 4 = 36 दिन**

**स्थिति 5**

- दिनांक 1 जनवरी 2022 को सीआईसी में शिकायत दर्ज की गई
- सीआईसी ने दिनांक 5 जनवरी 2022 को बैंक ए से पुष्टि मांगी है
- बैंक ए दिनांक 28 जनवरी 2022 को सीआईसीआई को पुष्टि प्रदान करता है (21वां दिन 26 जनवरी 2022 होगा) - 2 दिन की देरी।
- यदि, सीआईसी दिनांक 31 जनवरी 2022 को बैंक ए को समाधान करता है और संशोधित सीआईआर प्रदान करता है (अर्थात शिकायत प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर समाधान किया जाता है) - मुआवजे का कोई मामला नहीं [26].

**बी. शिकायतकर्ता द्वारा सी.आई. के पास दर्ज की गई शिकायतें**

**स्थिति 6**

- 1 जनवरी 2022 को सीआई[27] (उदाहरण के लिए बैंक ए) के पास शिकायत दर्ज की गई)

---

[26] तथापि, सीआईसीआरए, 2005 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के प्रावधानों के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उचित समझे जाने पर सीआई के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सकेगी।

[27] जहां शिकायत/परिवेदना में एक (1) से अधिक सीआई की गलत क्रेडिट जानकारी शामिल है, ग्राहक द्वारा संबंधित सीआईसी के पास शिकायत दर्ज कराई जाएगी। सीआईसी सभी संबंधित सीआई के साथ समन्वय करेंगे, तथा ग्राहक को शिकायत का व्यापक समाधान प्रदान करेंगे।

- बैंक ए दिनांक 22 जनवरी 2022 को सीआईसी को संशोधित विवरण प्रदान करता है (21वां दिन 22 जनवरी, 2022 होगा) - बैंक ए द्वारा कोई देरी नहीं की जाती है।
- यदि सीआईसी दिनांक 31 जनवरी 2022 को बैंक ए को समाधान करके संशोधित सीआईआर प्रदान करता है और बैंक ए 31 जनवरी 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करता है– मुआवजे का कोई मामला नहीं है।
- यदि सीआईसी दिनांक 31 जनवरी 2022 को बैंक ए को सुधारा हुआ सीआईआर प्रदान करता है और बैंक ए दिनांक 1 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को सुधारा हुआ सीआईआर प्रदान करता है – बैंक ए द्वारा शिकायतकर्ता को 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में 31 जनवरी 2022 तक) से 1 दिन की देरी के लिए ₹100 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।
- यदि सीआईसी दिनांक 1 फरवरी 2022 को बैंक ए को समाधान करके संशोधित सीआईआर प्रदान करता है और बैंक ए दिनांक 1 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करता है- 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक) से 1 दिन की देरी के लिए सीआईसी द्वारा शिकायतकर्ता को ₹100 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।
- यदि सीआईसी दिनांक 1 फरवरी 2022 को बैंक ए को समाधान करके संशोधित सीआईआर प्रदान करता है और बैंक ए 2 फरवरी, 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करता है - 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक) से 2 दिन की देरी के लिए शिकायतकर्ता को कुल ₹200 का मुआवजा [सीआईसी द्वारा ₹100 और बैंक ए द्वारा ₹100] प्रदान किया जाएगा।

**स्थिति 7**

- दिनांक 1 जनवरी 2022 को सीआई(उदाहरण के लिए बैंक ए) के पास दर्ज की गई शिकायत
- बैंक ए  दिनांक 25 जनवरी 2022 को सीआईसी को समस्या का समाधान करते हैं और संशोधित विवरण प्रदान करते हैं (21वां दिन 22 जनवरी 2022 होगा) - बैंक ए द्वारा 3 दिन का विलंब।

- यदि सीआईसी दिनांक 31 जनवरी 2022 को बैंक ए को समाधान करके संशोधित सीआईआर प्रदान करते हैं और बैंक ए 31 जनवरी 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करते हैं- मुआवजे की कोई स्थिति नहीं है।
- यदि सीआईसी दिनांक 3 फरवरी 2022 को बैंक ए को समाधान कर संशोधित सीआईआर प्रदान करते हैं (अर्थात बैंक ए द्वारा सूचित किए जाने के बाद सीआईसी को 9 दिन लगते हैं) और बैंक ए दिनांक 3 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करते हैं – बैंक ए द्वारा शिकायतकर्ता को 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक) से 3 दिन की देरी के लिए ₹300 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।
- यदि सीआईसी दिनांक 3 फरवरी 2022 को बैंक ए को समाधान कर संशोधित सीआईआर प्रदान करते हैं और बैंक ए दिनांक 4 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करता हैं– बैंक ए द्वारा शिकायतकर्ता को 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि (अर्थात इस मामले में 31 जनवरी 2022 तक) से 4 दिन की देरी के लिए ₹400 का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।
- यदि सीआईसी दिनांक 4 फरवरी 2022 को बैंक ए को समाधान कर संशोधित सीआईआर प्रदान करता है और बैंक ए दिनांक 4 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करता है– 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि से 4 दिन अधिक की देरी के लिए शिकायतकर्ता को कुल ₹400 [सीआईसी द्वारा ₹100 और बैंक ए द्वारा ₹300] का मुआवजा प्रदान किया जाएगा (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक)।
- यदि सीआईसी दिनांक 4 फरवरी 2022 को बैंक ए को समाधान कर संशोधित सीआईआर प्रदान करते है और बैंक ए दिनांक 5 फरवरी 2022 को शिकायतकर्ता को संशोधित सीआईआर प्रदान करते हैं– 30 दिनों की स्वीकार्य अवधि से 5 दिन की देरी के लिए शिकायतकर्ता को कुल ₹500 [सीआईसी द्वारा ₹100 और बैंक ए द्वारा ₹400] का मुआवजा प्रदान किया जाएगा (अर्थात इस मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 तक)।

## अनुबंध – XIV: सीआई के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ

(1) पुनर्भुगतान जानकारी के अद्यतन न होने के उदाहरणों को कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के मुद्दे को केंद्रीकृत करके और सीआईसी को जानकारी प्रदान करके बचा जा सकता है।

(2) ग्राहक शिकायत निवारण को विशेष रूप से साख सूचना के अद्यतन/परिवर्तन से संबंधित शिकायतों के संबंध में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

(3) साख सूचना के संबंध में शिकायत निवारण को मौजूदा शिकायत निवारण प्रणालियों के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए। साख सूचना से संबंधित ग्राहक शिकायतों से संबंधित पहलू भी सीआई की ग्राहक सेवा नीति का एक अभिन्न हिस्सा हो सकते हैं।

(4) सीआई को सीआईसी को पूर्ण ग्राहक जानकारी देनी चाहिए। उदाहरण के लिए, पहचानकर्ता जानकारी जैसे पैन नंबर, मतदाता आईडी कार्ड नंबर आदि सभी रिकॉर्ड के लिए सीआई द्वारा प्रदान नहीं की जाती है।

(5) पहली बार उधार लेने वालों के ऋण आवेदन केवल इसलिए अस्वीकृत नहीं किए जाने चाहिए क्योंकि उनके पास कोई क्रेडिट इतिहास नहीं है।

(6) सीआई और सीआईसी से संबंधित अदालत के मामलों को कम करने के उद्देश्य से, शिकायतों को तत्काल आधार पर उनके द्वारा संबोधित किया जाना चाहिए। सीआई के पास शिकायत निवारण के लिए एक संरचित प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसके लिए बोर्ड के तहत एक उपभोक्ता संरक्षण समिति का गठन किया जाना चाहिए।

## अनुबंध - XV: सीआईसी के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ

(1) ग्राहक शिकायत निवारण के लिए सीआईसी के पास एक संरचित और व्यवस्थित प्रक्रिया होनी चाहिए।

(2) ग्राहकों की शिकायतों से निपटने के लिए सीआईसी के पास एक नोडल अधिकारी होना चाहिए।

(3) सीआईआर के संबंध में विवाद के बाद, यदि यह स्थापित हो जाता है कि विवाद का कारण सीआईसी के साथ या सीआईसी को किसी सदस्य सीआई द्वारा प्रदान की गई जानकारी के साथ है, सीआईसी साख सूचना में सुधार के बाद ग्राहक को उसी प्रकार के सीआईआर की निःशुल्क प्रति प्रदान कर सकते हैं।

(4) सीआईसी तिमाही आधार पर शिकायतों पर आंकड़ों का संकलन करेंगे और शिकायतों पर तिमाही समीक्षा निदेशक मंडल के समक्ष रखी जानी चाहिए।

(5) सीआईसी द्वारा सदस्य सीआई के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए ताकि उन्हें प्रारूपों, डेटा रिपोर्टिंग के महत्व और डेटा स्वीकृति अनुपात में सुधार करने के तरीके को समझाया जा सके।

(6) एसयू द्वारा सीआईसी नियमों के नियम 27 के संदर्भ में डेटा उपयोग के संबंध में सुरक्षा उपायों को एसयू के साथ करार में शामिल किया जाना चाहिए।

(7) जब भी एक ही उधारकर्ता पर सीआईआर एक साथ एक से अधिक सीआई द्वारा एक्सेस किए जाते हैं, एक महीने की अवधि के भीतर, सीआईसी द्वारा उन सभी सीआई को अलर्ट प्रदान किया जा सकता है जिन्होंने एक ही उद्देश्य/धोखाधड़ी लेनदेन के लिए कई वित्तपोषण से बचने के लिए रिपोर्ट तैयार की है।

(8) अपने पते/कार्यालय बदलने वाले उधारकर्ताओं के बारे में चेतावनियां, सीआई के नाम का प्रकटीकरण किए बिना अन्य ऋण अनुदानकर्ताओं को दी जानी चाहिए।

(9) उधारकर्ताओं के व्यवहार का स्वरूप, अर्थात् प्राप्त ऋणों की आवृत्ति, सीआई की आवृत्ति आदि को सीआईसी द्वारा एक अलग मूल्य वर्धित उत्पाद के रूप में प्रदान किया जा सकता है।

(10) एक एसयू की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार रिपोर्टों का अनुकूलन सीआईसी द्वारा एक अलग मूल्य वर्धित उत्पाद के रूप में किया जा सकता है।

(11) सीआई और सीआईसी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उधारकर्ताओं के क्रेडिट रिकॉर्ड को नियमित रूप से सीआई द्वारा अपडेट किया जाए और ऐसे मुद्दे जैसे कि ऋण की अंतिम किस्त का पुनर्भुगतान रिपोर्ट नहीं किया जाता है, उत्पन्न नहीं होना चाहिए।

(12) सीआईसी को सूचना सुरक्षा के लिए आईएसओ 27001 प्रमाणित होना चाहिए।

(13) सीआई और सीआईसी से संबंधित अदालत के मामलों को कम करने के उद्देश्य से, शिकायतों को उनके द्वारा तत्काल आधार पर संबोधित किया जाना चाहिए। सीआईसी के पास शिकायत निवारण की एक संरचित प्रक्रिया होनी चाहिए जिसके लिए बोर्ड के तहत एक उपभोक्ता संरक्षण समिति का गठन किया जाना चाहिए।

## अनुबंध - XVI: मास्टर निदेश जारी करने के साथ निरस्त किए गए परिपत्रों की सूची

| सं. क्र | परिपत्र सं. | दिनांक | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | डीबीओडी.सं.डीएल.11590/20.16.034/2007-08 | 27.02.2008 | साख सूचना कंपनी (विनियमन) (कठिनाइयों को दूर करना) आदेश, 2008 |
| 2 | डीबीओडी. सं.डीएल.बीसी.138/20.16.042/2008-09 | 24.06.2009 | स्वयं के क्रेडिट तक पहुंच रिपोर्ट |
| 3. | आरपीसीडी.केंका.आरआरबी.सं.32/03.05.33/2009-10 | 20.10.2009 | साख सूचना कंपनी (विनियमन) (कठिनाइयों को दूर करना) आदेश, 2008 |
| 4 | आरपीसीडी.केंका.आरएफ़.बीसी. सं.44/07.40.06/2009-10 | 01.12.2009 | साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 |
| 5 | यूबीडी.बीपीडी(पीसीबी).परि. सं.25/09.11.200/2009-10 | 03.12.2009 | साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 |
| 6 | डीबीओडी. सं.डीएल.15214/20.16.042/2009-10 | 04.03.2010 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान - क्रेडिट जानकारी का व्यवसाय शुरू करने के लिए - एक्सपेरियन क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | आरपीसीडी.केंका.आरआरबी.बीसी. सं.62/03.05.33/2009-10 | 23.03.2010 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान – साख सूचना का व्यवसाय शुरू करने के लिए -<br>एक्सपेरियन क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | डीबीओडी. सं.डीएल.बीसी.83/20.16.042/2009-10 | 31.03.2010 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान -<br>साख सूचना का व्यवसाय शुरू करने के लिए - इक्विफैक्स क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | आरपीसीडी.केंका.आरआरबी.बीसी. सं.70/03.05.33/2009-10 | 19.04.2010 | साख सूचना का व्यवसाय शुरू करने के लिए 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान - इक्विफैक्स क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | यूबीडी.केंका.बीपीडी.परि.सं. 60/09.11.200/2009-10 | 29.04.2010 | साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 – साख सूचना कंपनियों की सूची |
| 11 | यूबीडी.केंका.बीपीडी.परि.सं. 6 /09.11.200/2010-11 | 09.08.2010 | साख सूचना कंपनियों को डेटा प्रस्तुत करना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | आरपीसीडी.केंका.आरएफ़.बीसी.सं.17/07.40.06/2010-11 | 06.09.2010 | साख सूचना कंपनियों को डेटा प्रस्तुत करना |
| 13 | डीबीओडी.सं.सीआईडी.बीसी.64/20.16.042/2010-11 | 01.12.2010 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान - क्रेडिट जानकारी का व्यवसाय शुरू करने के लिए - हाई मार्क क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | आरपीसीडी.केंका.आरसीबी.बीसी.सं.33/07.40.06/2010-11 | 07.12.2010 | साख सूचना कंपनियों को डेटा प्रस्तुत करना |
| 15 | आरपीसीडी.केंका.आरआरबी.बीसी.सं.36/03.05.33/2010-11 | 08.12.2010 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान – साख सूचना का व्यवसाय शुरू करने के लिए - हाई मार्क क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | यूबीडी.बीपीडी.(पीसीबी).परि.सं.30/09.11.200/2010-11 | 22.12.2010 | साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 - क्रेडिट का व्यवसाय शुरू करने के लिए 'पंजीकरण का प्रमाण पत्र' सूचना - हाई मार्क क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | आरपीसीडी.केंका.आरआरबी.बीसी.सं.41/03.05.33/2010-11 | 24.12.2010 | साख सूचना कंपनियों को डेटा प्रस्तुत करना - क्रेडिट संस्थानों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले डेटा का प्रारूप |
| 18 | आरपीसीडी.केंका.आरसीबी.बीसी.सं.45/07.40.06/2010-11 | 05.01.2011 | साख सूचना कंपनियों को डेटा प्रस्तुत करना - क्रेडिट संस्थानों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले डेटा का प्रारूप |
| 19 | डीबीओडी.सं.सीआईडी.बीसी.84/20.16.042/2011-12 | 05.03.2012 | 'पंजीकरण प्रमाण पत्र' का अनुदान - के कारोबार को चलाने के लिए साख सूचना – साख सूचना ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड |
| 20 | आरपीसीडी.केंका.आरआरबी.बीसी.सं.71/03.05.33/2011-12 | 18.04.2012 | 'पंजीकरण प्रमाण पत्र' का अनुदान - पर ले जाने के लिए साख सूचना का व्यवसाय – साख सूचना ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड |
| 21 | डीबीओडी.सं.सीआईडी.बीसी.27/20.16.042/2013-14 | 01.07.2013 | साख सूचना कंपनियों को क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करना - 'सहमति खंड' की वापसी |
| 22 | आरपीसीडी.केंका.आरआरबी.बीसी.सं.14/03.05.33/2013-14 | 23.07.2013 | साख सूचना कंपनियां (विनियमन) अधिनियम, 2005 - अनुपालन |
| 23 | आरपीसीडी. केंका.आरसीबी.बीसी.सं.19/07.51.010/2013-14 | 07.08.2013 | साख सूचना कंपनियां (विनियमन) अधिनियम, 2005 - अनुपालन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24 | यूबीडी. केंका.बीपीडी.पीसीबी. परि.सं.4/16.74.000/2013-14 | 27.08.2013 | साख सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 का अनुपालन |
| 25 | डीबीओडी.सीआईडी.बीसी.127/20.16.056/2013-14 | 27.06.2014 | साख सूचना कंपनियों और अन्य विनियामक उपायों को क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप |
| 26 | आरपीसीडी.आरआरबी.आरसीबी.बीसी. सं. 13/03.05.33/2014-15 | 15.07.2014 | साख सूचना कंपनियों और अन्य विनियामक उपायों को क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप |
| 27 | यूबीडी. केंका. बीपीडी. पीसीबी. परि.सं. 4 /16.74.000/2014-15 | 15.07.2014 | साख सूचना कंपनियों और अन्य विनियामक उपायों को क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप |
| 28 | डीबीओडी.सीआईडी.बीसी.34/20.16.042/2014-15 | 22.08.2014 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान - साख सूचना के कारोबार को चलाने के लिए - सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | आरपीसीडी .केंका.आरआरबी.आरसीबी.बीसी.सं.27 /03.05.33/2014-15 | 04.09.2014 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान - सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | डीबीआर.सं.सीआईडी.बीसी.60/20.16.056/2014-15 | 15.01.2015 | साख सूचना कंपनियों (सीआईसी) की सदस्यता |
| 31 | डीबीआर.बीपीडी.(पीसीबी/आरसीबी).परि.सं.13/16.74.000/2014-15 | 29.01.2015 | सहकारी बैंकों द्वारा साख सूचना कंपनियों (सीआईसी) की सदस्यता |
| 32 | डीबीआर.सं.सीआईडी.बीसी.28/20.16.056/2015-16 | 09.07.2015 | साख सूचना कंपनियों और अन्य विनियामक उपायों को क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप |
| 33 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.35/20.16.042/2015-16 | 27.08.2015 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान – साख सूचना के कारोबार को चलाने के लिए - सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 34 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.73/20.16.056/2015-16 | 14.01.2016 | स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के संबंध में साख सूचना रिपोर्टिंग |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | डीसीबीआर.बीपीडी.परिपत्र.सं.17/16.74.000/2015-16 | 26.05.2016 | स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के संबंध में साख सूचना रिपोर्टिंग |
| 36 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.सं.104/20.16.56/2015-16 | 16.06.2016 | स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों के संबंध में साख सूचना रिपोर्टिंग |
| 37 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.107/20.16.056/2015-16 | 23.06.2016 | वाणिज्यिक पत्रों में निवेश और साख सूचना कंपनियों को उधारकर्ताओं के बचाव रहित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर पर जानकारी की रिपोर्टिंग |
| 38 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.सं.11/20.16.042/2016-17 | 01.09.2016 | व्यक्तियों को मुफ्त वार्षिक क्रेडिट रिपोर्ट |
| 39 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.16/20.16.040/2016-17 | 29.09.2016 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' प्रदान करना – साख सूचना का कारोबार करने के लिए - ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड |
| 40 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.27/20.16.040/2016-17 | 20.10.2016 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान - क्रेडिट सूचना के व्यवसाय को चलाने के लिए - एक्सपेरियन क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (ईसीआईसीआई) |
| 41 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.60/20.16.040/2016-17 | 13.04.2017 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' प्रदान करना - क्रेडिट सूचना का कारोबार करने के लिए - ट्रांसयूनियन सिबिल लिमिटेड |
| 42 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.सं.79/20.16.042/2017-18 | 02.08.2017 | व्यापक साख सूचना रिपोर्ट जारी करना |
| 43 | डीबीआर.सीआईडी.बीसी.24/20.16.042/2018-19 | 07.02.2019 | 'पंजीकरण प्रमाणपत्र' का अनुदान – साख सूचना के व्यवसाय को चलाने के लिए - सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 44 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.46/20.16.056/2020-21 | 12.03.2021 | साख सूचना कंपनियों और अन्य विनियामक उपायों को क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप |
| 45 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.59/20.16.056/2021-22 | 14.10.2021 | साख सूचना कंपनियों को क्रेडिट जानकारी प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप |
| 46 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.90/20.16.056/2022-23 | 13.12.2022 | साख सूचना कंपनियों और अन्य विनियामक उपायों को क्रेडिट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | जानकारी प्रस्तुत करने के लिए डेटा प्रारूप |
| 47 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.39/20.16.056/2023-24 | 20.09.2023 | साख सूचना कंपनियों द्वारा वाणिज्यिक और माइक्रोफाइनेंस सेगमेंट के लिए डेटा गुणवत्ता सूचकांक |
| 48 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.41/20.16.003/2023-24 | 25.09.2023 | सूचना का प्रदर्शन - सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षित आस्ति |
| 49 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.48/20.16.003/2023-24 | 26.10.2023 | क्रेडिट जानकारी के देरी से अद्यतन/सुधार के लिए ग्राहकों को मुआवजे के लिए ढांचा |
| 50 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.49/20.16.003/2023-24 | 26.10.2023 | साख सूचना कंपनियों और क्रेडिट संस्थानों द्वारा प्रदान की गई ग्राहक सेवा का सुदृढ़ीकरण |
| 51 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.32/20.16.056/2024-25 | 08.08.2024 | क्रेडिट संस्थानों द्वारा साख सूचना कंपनियों को क्रेडिट जानकारी की रिपोर्टिंग की आवृत्ति |
| 52 | विवि.एफ़आईएन.आरईसी.47/20.16.042/2024-25 | 10.10.2024 | लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र रद्द करने के बाद साख सूचना रिपोर्टिंग तंत्र का कार्यान्वयन |